* ओड़िशा संस्करण

07 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 137


मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना लाभुकों को पहली किस्त दी



# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**यहां होगी नियुक्ति**

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

**यहां होगी नियुक्ति**

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

## श्री चम्पाई सोरेन


माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

दिनांक: **07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**

समय: **12:00 बजे मध्याह्न**

स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

P.R. 321791 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



# विद्युत वरण महतो के पास है इतिहास बनाने का मौका, पर चुनौती भी कम नहीं

## ■ आज तक कोई हैट्रिक नहीं लगा पाया है झारखंड की इस वीवीआइपी सीट से

झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में जमशेदपुर की गिनती वीवीआइपी सीटों में की जाती है। राज्य की औद्योगिक राजधानी और देश के सबसे प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह टाटा द्वारा स्थापित शहर जमशेदपुर राजनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस शहर ने झारखंड को दो और कोल्हान प्रमंडल ने चार मुख्यमंत्री दिये हैं। इससे साफ हो जाता है कि राजनीतिक रूप से जमशेदपुर कितना महत्वपूर्ण है। जमशेदपुर लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है, क्योंकि 1984 के बाद से यहां लगातार उसका कब्जा रहा है, लेकिन इस बार के आंकड़े भाजपा के लिए चिंता का सबब हैं, क्योंकि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र की छह विधानसभा सीटें अभी झामुमो और कांग्रेस के कब्जे में हैं। इस संसदीय क्षेत्र की एक और खास बात यह है कि यहां से अब तक किसी ने भी हैट्रिक नहीं लगायी है। इस लिहाज से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के पास इतिहास बनाने का मौका है। वह 2014 और 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं और भाजपा ने इस बार भी उन पर दांव लगाया है। एक सांसद के रूप में विद्युत वरण महतो की छवि बेहद शालीन और आसानी से उपलब्ध होनेवाले नेता के रूप में बनी हुई है। इसके अलावा पिछले 10 साल में वह किसी भी विवाद में नहीं रहे और न ही उनका संबंध किसी गुट से है। इस लिहाज से चुनावी पलड़ा उनकी तरफ झुका हुआ दिखाई देता है, लेकिन उनके सामने चुनौतियों का अंबार भी है। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान प्रमंडल, जिसमें जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र भी शामिल है, से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। इसलिए झामुमो और कांग्रेस इस सीट पर विद्युत वरण महतो की मजबूत घेरेबंदी करने की कोशिश में है। क्या है जमशेदपुर संसदीय सीट का चुनावी परिदृश्य और क्या मुद्दे उठ सकते हैं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

जमशेदपुर, यानी देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित टाटा समूह द्वारा स्थापित पूर्वी भारत का सबसे साफ-सुथरा शहर, जहां की व्यवस्था महानगरों को टक्कर देती है, राजनीतिक दृष्टि से भी झारखंड का बेहद महत्वपूर्ण शहर है। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र कोल्हान प्रमंडल का एक हिस्सा है। इसका इतिहास काफी दिलचस्प रहा है। झारखंड के सबसे मुख्य शहरों में इसका नाम सबसे आगे लिया जाता है। इस शहर का दूसरा नाम टाटानगर भी है, क्योंकि जमशेदजी नौशरवानजी टाटा ने इसकी स्थापना की थी। 1907 में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (टिस्को) की स्थापना से इस शहर की बुनियाद पड़ी। जमशेदपुर आज भी भारत के सबसे प्रगतिशील औद्योगिक नगरों में से एक है। यहां टाटा घराने की कई कंपनियों की उत्पादन इकाई हैं। इसे हाल में ही 'इंटरनेशनल क्लीन सिटी' के अवार्ड से नवाजा गया है।

### जमशेदपुर का राजनीतिक परिदृश्य

जमशेदपुर लोकसभा सीट की बात करें, तो इस संसदीय क्षेत्र में कुल छह विधानसभा क्षेत्र (बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम) आते हैं। इनमें से घाटशिला और पोटका अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है, तो वहीं जुगसलाई विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के विधानसभा चुनाव में इनमें से जमशेदपुर पूर्व को छोड़ कर बाकी सभी पांच सीटों पर झामुमो और कांग्रेस ने कब्जा जमाया था। जमशेदपुर पश्चिम से कांग्रेस जीती थी, जबकि बाकी तीन पर झामुमो ने कब्जा जमाया था। जमशेदपुर पूर्व पर निर्दलीय प्रत्याशी सरयू राय ने जीत का परचम लहराया था। भाजपा से टिकट कटने के बाद सरयू राय यहां से निर्दलीय खड़े हुए और उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता रघुवर दास को हराया था।

### जमशेदपुर का चुनावी इतिहास

जमशेदपुर संसदीय सीट पश्चिम बंगाल और ओड़िशा की सीमा तक फैली है। इस क्षेत्र की खासियत है कि लगातार दो बार से अधिक कोई प्रत्याशी यहां से अब तक नहीं जीता है। इस सीट की एक और खास बात यह है कि यहां से 'महाभारत' सीरियल के 'कृष्ण' नीतीश भारद्वाज भी भाजपा के टिकट पर सांसद रह चुके हैं और यहां के मतदाताओं ने टाटा समूह की रीढ़ रहे रूसी मोदी तक को हार का मुंह देखने पर मजबूर किया है। पहले लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर सीट का अस्तित्व नहीं था। 1951-52 के चुनाव में इस सीट का नाम मानभूम साउथ सह धालभूम था। 1957 के दूसरे चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा सीट अस्तित्व में आयी। इस सीट से सर्वाधिक छह बार भाजपा ने जीत हासिल की। इसके बाद कांग्रेस और झामुमो का दबदबा रहा। एक-एक बार भाकपा और झाविमो ने जीत हासिल की। लेकिन अलग-अलग दलों के टिकट पर लगातार चार बार पति-पत्नी (शैलेंद्र महतो और आभा महतो) का कब्जा रहा। बता दें कि शैलेंद्र महतो ने झामुमो का दामन छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया था। पहली बार इस सीट से दो प्रत्याशी जीते थे। इनमें एक भजोहरि महतो और दूसरे चैतन्य माझी थे। दोनों को बराबर-बराबर मत मिले थे इसलिए दोनों निर्वाचित घोषित हुए थे। महतो एलएसएस, जबकि माझी झारखंड पार्टी के टिकट पर जीते। 1962 में यहां से भाकपा के उदयकर मिश्रा जीते, तो 1967 में कांग्रेस के एससी प्रसाद ने जीत हासिल की। 1971 में बाहर से आकर सरदार स्वर्ण सिंह चुनाव जीते। 1977 में भारतीय लोकदल के रुद्र प्रताप षाड़ंगी ने जीत का परचम लहराया और 1980 में भी वह जीते। 1984 में गोपेश्वर ने जीत हासिल की। 1989 और 1991 में झामुमो से शैलेंद्र महतो सांसद बने। नीतीश भारद्वाज ने 1996 में इस सीट से चुनाव जीता था। उस वक्त उनकी उम्र महज 34 वर्ष थी। नीतीश ने ही इस सीट पर भाजपा का खाता खोला था। 1998 और 1999 में शैलेंद्र महतो की पत्नी आभा महतो भाजपा की सांसद रहीं। 2004 में आभा महतो को झामुमो के सुनील महतो ने हरा दिया। 2006 में सुनील महतो की हत्या के बाद इस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें उनकी पत्नी सुमन महतो विजयी हुईं। लेकिन 2009 में इस सामान्य सीट पर भाजपा ने आदिवासी अर्जुन मुंडा को उतारा और वह सुमन महतो को बड़े अंतर से हराने में सफल रहे। 2011 में अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री बनने के लिए इस्तीफा दे दिया। उपचुनाव में कभी जिले के एसपी रहे डॉ अजय कुमार को झाविमो ने प्रत्याशी बनाया, जो भाजपा के डॉ दिनेशानंद गोस्वामी को हराने में सफल रहे। 2014 में विद्युत वरण महतो ने भाजपा ज्वाइन की और इस सीट से लोकसभा प्रत्याशी बने। उन्होंने जीत हासिल की। 2019 में उन्होंने जीत का सिलसिला जारी रखा।



### 2019 का चुनाव परिणाम

| नाम | पार्टी | वोट मिले |
|---|---|---|
| विद्युत वरण महतो | भाजपा | 6,79,632 |
| चंपाई सोरेन | झामुमो | 3,77,542 |
| अंजना महतो | टीएमसी | 9,542 |

### जमशेदपुर का सामाजिक समीकरण

जमशेदपुर संसदीय सीट पर 44.44 फीसदी ग्रामीण और 55.56 फीसदी शहरी मतदाता हैं। यहां 4.86 फीसदी अनुसूचित जाति और 28.51 फीसदी अनुसूचित जनजाति के मतदाता हैं। यहां के मतदाताओं का बड़ा वर्ग मजदूर है।

### जमशेदपुर सीट का जातिगत समीकरण

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में मुख्य तौर पर कुड़मी, आदिवासी, उड़िया, बंगाली और बिहारी वोटर निर्णायक साबित होते हैं।

मुस्लिम, छत्तीसगढ़ी, कुशवाहा, यादव जैसे अन्य जाति समुदायों के वोटरों की भी अहम भूमिका होती है। देखा गया है कि उड़िया, वैश्य और बिहारी मतदाताओं का रुझान भाजपा प्रत्याशी की तरफ रहता है, जबकि आदिवासी और महतो मतदाता परिस्थिति के आधार पर वोट तय करते हैं। कुड़मी जाति इनका बड़ा वोट बैंक थी, जो फिलहाल भाजपा में भी बनी हुई है। लेकिन किसी अन्य दल में कोई मजबूत कुड़मी प्रत्याशी खड़ा होने पर इनके वोट बंट जाते हैं। खासकर झामुमो ने जब भी कुड़मी प्रत्याशी मैदान में उतारा, तब-तब उसे सफलता हासिल हुई है। आदिवासियों और मुसलमानों के अधिकतर वोट गैर-भाजपाइ दल या गठजोड़ के साथ होते हैं।

### 2024 का चुनावी परिदृश्य

जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र दो तरह के वोटरों में बंटी है। एक वे, जो मुखर होकर मोदी के नाम पर एकजुट दिख रहे हैं और दूसरे वे, जो खामोश हैं। वोटरों की यही खामोशी झामुमो और भाजपा प्रत्याशी के लिए चिंता का कारण है। जहां तक प्रत्याशी की बात है, तो विद्युतवरण महतो लगातार तीसरी बार मैदान में हैं। उनके सामने कौन होगा, यह अभी तय नहीं है। लोग अपने सांसद से संतुष्ट हैं, क्योंकि वह सुलभता से मिल जाते हैं। पिछली बार झामुमो के उम्मीदवार चंपाई सोरेन थे, जो अब झारखंड के मुख्यमंत्री हैं। जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में भाजपा भारी दिख रही है, लेकिन विधानसभा के आंकड़े झामुमो के पक्ष में हैं। भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो को एक लाभ यह हुआ है कि उन्हें प्रचार के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है, जबकि दूसरी तरफ झामुमो की तरफ से संभावित प्रत्याशी टिकट के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। वैसे विद्युतवरण महतो को इस बार राजनीतिक रूप से रघुवर दास और सरयू राय के खेमे को साधना चुनौती है। हां, अयोध्या में भव्य राममंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से भाजपा काफी उत्साहित है। भाजपा यह मान कर चल रही है कि राम के सहारे विद्युत वरण महतो यहां से हैट्रिक लगा लेंगे।

---

## श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति इंद्रपुरी कृष्णा नगर में बारात की तैयारी पूरी

# शोभा यात्रा में ज्ञानवापी महादेव और केदारनाथ मंदिर की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी : रमेश सिंह


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्री शिव बारात आयोजन समिति इंद्रपुरी कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड, रांची के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शुक्रवार को बहुत ही धूमधाम से देवाधिदेव महादेव की बारात की शोभा यात्रा निकाली जा रही है। बारात की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हैं व इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। कारीगर झांकी की तैयारी में लगे हुए हैं और झांकी के प्रारूप को तैयार करने में लगे हुए हैं। शिव बारात में इस बार देवी-देवता व भूत-पिशाच के अलावा ज्ञानवापी महादेव की झांकी और केदारनाथ मंदिर की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि इस वर्ष बारात की शोभायात्रा भव्य तरीके से निकाली जायेगी। शिव महाकाली का महा तांडव, राम दरबार में हनुमान जी सीना फाड़ते हुए, राम लला पर आधारित झांकी, ज्ञानवापी महादेव की झांकी, नंदी पर सवार पंचमुखी भोले बाबा, केदारनाथ मंदिर की छवि दिखायी जायेगी। उन्होंने कहा कि छऊ नृत्य, बैंड बाजे, खड़कपुर के प्रसिद्ध सिंधी ढोल की 25 से 30 लोगों की टोली, जबरदस्त ताशा पार्टी, घोड़े से सुसज्जित रथों की टोली भी शामिल होगी। साथ ही सुप्रसिद्ध भजन गायकों की मनमोहक भजन की गंगा प्रवाहित होती रहेगी। इस शोभायात्रा का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, आशा लकड़ा सुदेश महतो करेंगे।



### शोभा यात्रा के मार्ग में परिवर्तन किया गया

शोभा यात्रा के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। इस वर्ष की शोभायात्रा इंद्रपुरी शिव मंदिर प्रांगण से निकलकर मेट्रो गली, रातू रोड दुर्गा मंदिर, होते हुए न्यू मार्केट चौक, हरमू रोड, गौशाला, गाड़ी खाना से कार्ट सराय रोड, जेजे रोड, शहीद चौक से होते हुए पुस्तक पथ, गांधी चौक, महावीर चौक, श्रद्धानंद रोड, चैती दुर्गा, सुभाष चौक से फिर शहीद चौक होते हुए अलबर्ट एक्का चौक से चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति स्थित राम मंदिर सर्जना चौक पहुंचेगी। वहीं एक नाट्य मंचन का भी आयोजन किया जायेगा।





### राम मंदिर में होगा शिव विवाह

रमेश सिंह ने कहा कि यहां पर शिव बारात का स्वागत व विधि विधान से शिव विवाह विद्वान पुरोहितों एवं चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के माध्यम से संपन्न होगी। साथ ही साथ दिल्ली के बंटी एवं सोनिया ग्रुप का नाट्य मंचन और मुंबई और बिहार के सुप्रसिद्ध भजन गायक विनय तिवारी, सोना सिंह एवं प्रिया सिंह के भजनों की गंगा प्रवाहित होगी। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रारूप को झांकी में शामिल किया जायेगा:** रमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह अपने 10 वर्षों के शासनकाल में उन्होंने सनातन धर्म के प्रति काम करते हुए लोगों में आस्था का संचार कर रहे हैं। आज के युवा सनातन के प्रति जागरूक हैं तो वह नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रारूप को भी झांकी में शामिल किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद महादेव के अनन्य भक्त हैं। इसलिए चाहते हैं कि तीसरी बार भी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ही आये।

**शहर को बाबा में समाने और बाबा में रमाने की तैयारी है :** रमेश सिंह ने कहा कि पूरे शहर को बाबा में समाने और बाबा में रमाने की तैयारी है। उन्होंने जनता से अपील भी किया कि इस भव्य आयोजन में सपरिवार शामिल होकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनायें। उन्होंने कहा कि आज के युवा सनातन के प्रति इतना जागरूक हैं कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।

वहीं बारात में मुख्य रूप से हरविंदर सिंह बेदी, बिंदु भूषण दुबे, विनय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, मंटू चौबे, राहुल अवस्थी, सुनीता देवी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, विक्की यादव, संजीव चौधरी, डॉक्टर अजय छाबरा, चेतराल रामदास, सुजीत सिंह, नंदकिशोर अरोड़ा शामिल रहेंगे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के गौरव बजाज, सुमित बजाज, नवीन पपनेजा, सत्येंद्र तिवारी, हीरालाल पपनेजा, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, कौशल कुमार चौधरी, गिरधारी लाल वर्मा, विकास राज गुप्ता आदि उपस्थित रहेंगे।

---

## मेडिका हॉस्पिटल ने कार्डियोलॉजी की जटिल प्रक्रिया टेवार में पायी सफलता




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल ने कार्डियोलॉजी की सबसे जटिल प्रक्रिया टेवार में सफलता पायी है। उक्त जानकारी बुधवार को हॉस्पिटल ने पत्रकारों से बातचीत में दी। बताया कि एक अत्यंत जटिल कार्डियोलॉजी प्रक्रिया है। थोरैसिक एंडोवास्कुलर आर्टेरियलरिपेयर (टेवार) में सफलता पाना बड़ी उलपब्धि है। यह प्रक्रिया एक गंभीर रोगी पर की गयी, जिसे रांची के अन्य तीन बड़े हॉस्पिटल ने इलाज के लिए स्वीकार नहीं किया था और रोगी को राज्य से बाहर ले जाने की सलाह दी थी।

रोगी को शरीर की सबसे बड़ी धमनी, अवोर्टा, मेंदीवार फटने की गंभीर समस्या थी, ऑक्सीजन से चुरेशन गिर रहा था, रोगी असहनीय दर्द में था और जान को खतरा था। रात दस बजे इस आपातकालीन स्थिति में मेडिका हॉस्पिटल के अनुभवी-कुशल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ धनंजय कुमार और टीम ने बिना किसी देरी के कार्रवाई की और बिना चीर-फाड़ के माध्यम से ग्राफ्टिंग द्वारा धमनी की मरम्मत की, जिससे रोगी की जान बचायी गयी। अवोर्टा धमनी में लगाया गया ग्राफ्ट बंगलौर से विशेष रूप से मंगवाकर लगाया गया। मेडिका हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ धनंजय ने कहा कि टेवार एक उच्च जोखिम वाली प्रक्रिया है। इसमें उच्च स्तर की विशेषज्ञता और सावधानी की आवश्यकता होती है।

हमें गर्व है कि हमारी टीम ने इस चुनौती पूर्ण केस में सफलता हासिल की है और एक जीवन को बचाया। अनिल कुमार ने बताया कि मेडिका हॉस्पिटल नवीनतम तकनीक जीरो कॉन्ट्रास्ट एंजिओप्लास्टी, रोटाएब्लेजन, आइवसगाइडेड एंजिओप्लास्टी, बिना चीर-फाड़ के हृदय के छेद को बंद करना, मशीन लगाकर पंपिंग बढ़ाना जैसी जटिल प्रक्रिया है, जो अपने राज्य के लिए एक उपलब्धि है।

उन्नत उपचार पद्धतियों को अपनाने, मेडिकल विशेषज्ञताओं में उच्चतम मानकों पर खरा उतर कर समाज के हर वर्ग के लोगों को बेहतरीन उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस कांफ्रेंस में मेडिका के अनिल कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ दीपक कुमार, डॉ रोहितकुमार, डॉ सुनील कुमार, भारती ओझा समेत अन्य उपस्थित थे।

www.epaper.azadsipahi.in

07 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 137




## मुख्यमंत्री ने सर्वजन पेंशन योजना लाभुकों को पहली किस्त दी

# चंपाई सोरेन ने सेविकाओं और सहायिकाओं को दिया तोहफा

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा


- मुख्यमंत्री ने एक लाख 58 हजार 218 नये लाभुकों को दिया पेंशन स्वीकृति पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये और सहायिकाओं को 4750 रुपये हर महीने मानदेय मिलेगा। वह खेलगांव स्टेडियम में सर्वजन पेंशन योजना कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने योजना के लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की। इसका लाभ एक लाख 58 हजार 218 महिलाओं को मिला। इस अवसर पर मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को संवारने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जल-जंगल-जमीन के रक्षकों और झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में बलिदान देने वाले अपने पूर्वजों के सपनों का झारखंड बना रहे हैं। यहां के आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता को बनाये रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड का नवनिर्माण एक ऐसे राज्य के रूप में करेंगे, जहां सभी समुदाय और वर्ग का मान-सम्मान होगा। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। हर किसी को उसका हक-अधिकार मिलेगा।

**रोटी-कपड़ा और मकान देने के लिए प्रतिबद्ध:** मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी-कपड़ा और मकान हर किसी की मूलभूत जरूरत है। ऐसे में यहां के लोगों की इन जरूरतों को पूरा करने की दिशा में सरकार लगातार काम करती आ रही है। इसी कड़ी में अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को तीन कमरों का मकान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हालात और यहां के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नीतियां और कार्य योजनाएं बनायी जा रही हैं। साधन संपन्न होने के बाद भी राज्य पिछड़ा है। अलग राज्य बनने के 19 वर्ष तक इन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में कभी सार्थक प्रयास नहीं हुआ। यहां के लोग हमेशा हाशिये पर रहे। उनके दुख-दर्द की चिंता किसी ने नहीं की। हमारी सरकार तबके को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम करती आ रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



### राज्य की नींव को कर रहे मजबूत

चंपाई ने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब इसकी नींव मजबूत होगी। इसी बात को ध्यान में रखकर यहां की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं। समाज में किसी के साथ भेदभाव नहीं हो, इस पर सरकार का विशेष जोर है। दलित, पिछड़े, गरीब, मजदूर, किसान, महिला, युवा, बच्चे हर किसी को बढ़ाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

### विकास की नयी गाथा लिख रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था। उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला ही था कि कोरोना जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान झारखंड समेत पूरी दुनिया की व्यवस्था ठप हो गयी थी। दो वर्षों तक कोरोना से जंग जारी रही। हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में जीवन और जीविका बचाने का बेहतरीन कार्य हुआ। कोरोना की रफ्तार कम हुई, तो विकास की गति को उन्होंने तेज किया और अगले दो वर्षों के दौरान झारखंड को खुशहाल और सशक्त राज्य बनाने की दिशा में कार्य करते रहे। हेमंत जी ने जो विकास कार्य शुरू किया था, उसे हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करा रहे हैं सारी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को ऐसा स्वरूप देने जा रहे हैं, जहां महिलाओं और बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब बच्चे शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, तभी उनकी सोच भी बेहतर होगी। ऐसे में झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। हमारा संकल्प कुपोषण मुक्त झारखंड बनाना है।

### बच्चियों का बेहतर भविष्य हो, इसे कर रहे सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से बच्चियां पढ़ाई से वंचित नहीं रहें, इसके लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। राज्य में वर्ष 2023-24 तक 6.96 लाख से ज्यादा बच्चियों को 336.38 करोड़ रुपये इस योजना के तहत दिये जा चुके हैं। बच्चियां पढ़-लिखकर इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनें, इसके लिए सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है।

## बंगाल से बिहार तक विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री

# परिवारवाद की सच्चाई बतायी तो गालियां देने लगे: नरेंद्र मोदी

- संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले, कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे, बंगाल सरकार आरोपियों को बचा रही
- बेतिया में लालू प्रसाद पर साधा निशाना, कहा- गांधी, जेपी, कर्पूरी और अंबेडकर ने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता/बेतिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कोलकाता से बिहार तक विपक्ष पर बरसे। बंगाल में ममता सरकार, तो बिहार में राजद नेता लालू प्रसाद पर निशाना साधा। बंगाल में संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की। महिलाओं ने उन्हें अपनी आपबीती सुनायी। मोदी ने कहा कि आप चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो टनल समेत 15 हजार चार सौ करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ किया। इसके बाद वे नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली में शामिल हुए, जहां संदेशखाली की महिलाएं भी पहुंची थीं। बिहार के बेतिया में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। यहां बगैर लालू प्रसाद का नाम लिये उन्होंने परिवारवाद और जंगल राज पर उनको घेरा। साथ ही आइएनडीआइए गठबंधन पर पर सवाल खड़े किये।

**केंद्र की योजनाएं लागू नहीं होने देती सरकार:** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य में लागू नहीं होने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सस्ते सिलेंडर की योजना भी नहीं लागू हुई। मोदी ने कहा कि संदेशखाली में गरीब आदिवासी बहनों पर अत्याचार हो रहा है। बंगाल सरकार अत्याचारियों को बचाने के लिए पूरी ताकत से लगी है, लेकिन संदेशखाली की महिलाओं का गुस्सा ज्वार बन चुका है। टीएमसी के माफिया राज को ध्वस्त करने के लिए बंगाल की नारी शक्ति निकल चुकी है।



### इंडी गठबंधन अभी भी 20वीं सदी में जी रहा

बिहार के बेतिया में प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं है, इसलिए वह परिवारवाद के खिलाफ बात करता है। राजद, कांग्रेस और इनका आइएनडीआइए अभी भी 20वीं सदी में जी रहा है। हम हर घर को 'सूर्य घर' बनाना चाहते हैं, लेकिन इंडी गठबंधन लालटेन के दम पर ही आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब तक बिहार में लालटेन की लौ रही तब तक एक ही परिवार का विकास हुआ। आज जब मोदी इनको सच्चाई बताता है, तो ये मोदी को गाली देते हैं। कहते हैं कि मोदी का परिवार नहीं है। उन्होंने कहा कि क्या इंडी गठबंधन को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कट्टर समर्थक ये आज अंबेडकर, लोहिया, बापू को भी कठघरे में खड़ा करते हैं। इन्होंने भी तो परिवार को बढ़ावा नहीं दिया। देश के लिए खुद को खपा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि एनडीए सरकार की यही कोशिश है कि बिहार में ही युवाओं को रोजगार मिले।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

No. 1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


## सीएम से मिले टाटा स्टील के एमडी



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के सीइओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष टाटा स्टील कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस का भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के समीप विरोध प्रदर्शन आज



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को 7 मार्च को जिला मुख्यालय में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा के समीप विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी पूर्व विधायकों,पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारियों प्रखंड अध्यक्ष एवं वरीय नेताओं से प्रदर्शन में आवश्यक रूप से भाग लेने का अनुरोध किया। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि विगत दिनों उच्चतम न्यायालय द्वारा भाजपा की चुनावी बांड योजना को सुप्रीम कोर्ट ने और असंवैधानिक करार दिया था और इस योजना द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे की सूची सार्वजनिक करने और 6 मार्च के पहले उसे चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।

### चंदनकियारी के छऊ नृत्य कलाकार को राष्ट्रपति ने दिया संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

# 46 साल की साधना सफल हुई : परीक्षित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 3बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के खेड़ाबेड़ा गांव निवासी छऊ कलाकार परीक्षित महतो को बुधवार को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुरस्कार प्रदान किया। परीक्षित महतो ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जतायी। श्री महतो ने कहा कि 46 साल की साधना सफल हुई। भारतीय संस्कृति की लोक कला छऊ को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ताकि हमारी कला संस्कृति जीवित रहे। कहा कि चंदनकियारी की जनता और हमारी टीम के सहयोग से मुझे राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है।

**चंदनकियारी समेत झारखंड राज्य के लिए गौरवशाली समय** : यह चंदनकियारी समेत झारखंड राज्य के लिए गौरवशाली समय है। वहीं बोकारो जिले के लोगों मे खुशी है। चंदनकियारी समेत उनके परिजनों में खुशी के साथ-साथ आत्मविश्वास चरम पर है। गांव में भी खुशी का माहौल दिखा। लोग परीक्षित महतो के घर पहुंचकर बधाई दी। वहीं छऊ के कलाकारों में भी आत्मविश्वास बढ़ा है।

**पुरस्कार समारोह को देखने टीवी के सामने बैठे रहे परिजन**

परीक्षित महतो के परिवार बुधवार को दिन भर टीवी के सामने पुरस्कार वितरण समारोह देखने के लिए बैठे रहे। वहीं ग्रामीणों ने भी अपने-अपने घरों में टीवी पर प्रसारण देखा।

## विद्युत विभाग के तकनीकी अधिकारियों का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिजली वितरण निगम ने क्षेत्रीय तकनीकी महाप्रबंधकों का तबादला किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके मुताबिक छतरपुर के वरीय प्रबंधक तकनीकी राम गोपाल राम को स्थांतरित करते हुए वरीय प्रबंधक तकनीकी विद्युत आपूर्ति अंचल साहिबगंज में पदस्थापित किया गया है। निगम मुख्यालय में पदस्थापित वरीय प्रबंधक तकनीकी शोभन सिंह को वरीय प्रबंधक तकनीकी छतरपुर में स्थांतरित किया गया है। नगर उंटारी में कनीय अभियंता रहे धनंजय प्रसाद को राजखरसावां विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जमशेदपुर पदस्थापित किया गया है। वहीं, तकनीकी महाप्रबंधक संजय सिंह को उप महाप्रबंधक पावर परचेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही संजय सिंह महाप्रबंधक वाणिज्यिक के कार्यों का वहन भी करेंगे। इस संबंध में निगम मुख्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बताते चलें कि पिछले दिनों जीएम वाणिज्यिक के पद पर कार्यरत अधिकारी ऋषि नंदन का आकस्मिक निधन हो गया था। इसके बाद से ये पद रिक्त था।

### दिव्यांग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग उद्घाटन

# दिव्यांगों को एक उचित प्लेटफार्म दिया जा रहा है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड और इंडियन क्रिकेट फेडरेशन फॉर डिसएबल इंडिया एफिलेटेड भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दूसरी पूर्वी क्षेत्र दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड की राजधानी रांची के मेकॉन स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के पांच टीम भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, विशिष्ट अतिथि आदिल हुसैन खेल मैनेजर, सीसीएल अमित कुमार बेहरा सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी एनटीपीसी, रवि शंकर, निर्देशक एआईएम कोचिंग सेंटर, मोनिका आर्य अध्यक्ष संभव ट्रस्ट ने किया। इस मौके पर दिव्यांगों के द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम किया जायेगा।

## सीएमपीडीआइ ने इलेक्ट्रिक वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर संस्थान के बेड़े में शामिल किया। सीएमपीडीआइ सतत विकास के अपने प्रयास में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया है। इससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता के बेहतर होने और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर संस्थान के निदेशक तकनीकी शंकर नागाचारी, सतीश झा, अच्युत घटक, महाप्रबंधक तकनीकी एसके दुबे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संत जेवियर कॉलेज में इवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन और मॉक पोल का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के आलोक में तथा यूजीसी के निर्देशानुसार संत जेवियर महाविद्यालय (ऑटोनॉमस), रांची के इलेक्ट्रोरल लिट्रेसी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय रांची के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को मतदाता जागरूकता हेतु इवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन एवं मॉक पोल का आयोजन किया गया। साथ ही चुनाव आयोग द्वारा चुनावी प्रक्रिया संबंधी जागरूकता हेतु निर्मित चलचित्र के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन के दौरान जिला प्रशासन से अभिषेक कुजूर, अनोज खलखो एवं रामजी यादव के द्वारा इवीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया एवं मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। महाविद्यालय द्वारा 21 फरवरी से छह मार्च तक मतदाता पंजीकरण कैंप का भी आयोजन किया गया। मंगलवार तक 204 लोगों को वोटर के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, उपप्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, उपप्राचार्य डॉ फादर अरुण मिंज, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ अनिरबान गुप्ता, इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के प्रेसिडेंट प्रो बीके सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर डॉ आशुतोष पांडेय, राजनीति शास्त्र विभाग के शिक्षकों में डॉ विजय शर्मा, प्रो सौम्या सिन्हा, डॉ श्रेया पांडेय, प्रो विकास रंजन, प्रो उत्कर्ष उन्नयन का प्रमुख योगदान रहा। महाविद्यालय के कैंपस एंबेसडर अजय कुमार एवं प्रकृति कृष्णन लकड़ा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सूरज मंडल एवं अन्य के सम्मिलित प्रयास से इस कार्य को संचालित किया गया।


रांची की खबरें पेज 6 पर भी


## सीयूजे में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति और जनजाति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तिगत कर योजना-वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंस डॉ बटेश्वर सिंह ने कहा कि इस व्याख्यान का उद्देश्य है कि करदाता कर प्रदान करने में साक्षर हो सके और इस संबंध में अपनी योजना को सशक्त बना सके। प्रकोष्ठ के संपर्क अधिकारी प्रो देवव्रत सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज के पिछड़े लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। संचालन सहायक कुलसचिव डॉ शिवेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में अजीत किस्पोट्टा, रविकांत कुमार, अंथोनी तिर्की, शिकारी मुंडा, दीपक ठाकुर, विकास कुमार, विद्याधर सेठ, अजय कुमार, सुधीरा मिंज, अभ्युदय अनुराग उपस्थित थे।

### पुलिस सेवा के 42 पदाधिकारियों का तबादला

# अंकिता राय बनी गिरीडीह के मुख्यालय-1 डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य पुलिस सेवा के 42 पदाधिकारियों का राज्य सरकार ने तबादला किया है। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। रांची के सीसीआर डीएसपी अंकिता राय को गिरीडीह मुख्यालय-1 का डीएसपी बनाया गया है। जैप 6 के डीएसपी जयश्री कुजूर को रेल डीएसपी जमशेदपुर, जैप 3 के डीएसपी सुमित सौरभ लकड़ा को एसडीपीओ मधुपुर, सराकेला मुख्यालय डीएसपी चंदन कुमार वत्स को रामगढ़ मुख्यालय डीएसपी, बोकारो यातायात डीएसपी पूनम मिंज को जैप 10 डीएसपी, रांची यातायात डीएसपी कपिद्र उरांव को जैप 5 का डीएसपी, सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी पतरस बिरुआ को जैप 4, आइआरबी 1 के डीएसपी मजरुल होदा को जैप 8, गुमला के डीएसपी अभियान मनीष कुमार को चक्रधरपुर डीएसपी रेल, एसडीपीओ लेस्लीगंज आलोक कुमार टूटी को जैप 2, जैप-1 डीएसपी जयप्रकाश नाग को जैप-2, जैप-7 के डीएसपी तालो सोरेन को एसआइआरबी-1, जैप-7 के डीएसपी शशिकांत सुधांशु कुजूर को विशेष शाखा, जैप-9 के डीएसपी अलबिनुस बाड़ा को जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, जैप 10 के डीएसपी मो परवेज आलम को एसीबी, आइआरबी 3 अरुण कुमार तिर्की को एसीबी, आईआरबी 4 के डीएसपी नोवेल कुजूर एसटीएफ, आईआरबी 4 के डीएसपी प्रदीप पॉल कच्छप को एटीएस, आइआरबी 5 के डीएसपी अमित कुमार कच्छप को मुख्यालय डीएसपी देवघर, जैप 8 के डीएसपी बेनेडिक्ट मरांडी का आइआरबी 10, आइआरबी 3 के डीएसपी महावीर शिलांद किडो रेल आइजी कार्यालय, आईआरबी 3 के डीएसपी श्रीराम समद सीसीआर रांची, आईआरबी 5 के डीएसपी अशोक कुमार सिंह एटीएस, जैप 1 के डीएसपी शिवेंद्र को मुख्यालय डीएसपी चाईबासा, जैप 4 के डीएसपी विनोद कुमार महतो एसीबी, जैप 9 के डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को मुख्यालय डीएसपी साहिबगंज, आइआरबी 3 के डीएसपी जीतेंद्र कुमार पाकुड़ मुख्यालय डीएसपी, आइआरबी 9 के डीएसपी संजय कुमार को एटीएस, एसीबी के डीएसपी समीर कुमार तिर्की को लोहरदगा मुख्यालय डीएसपी, सीआइडी डीएसपी नीरज कुमार सिंह को एसडीपीओ खोरी महुआ, विशेष शाखा के डीएसपी आशीष कुमार महली को बोकारो यातायात, साहेबगंज मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्र को एसडीपीओ साहिबगंज, एसीबी डीएसपी विमलेश कुमार त्रिपाठी को एसडीपीओ राजमहल, गोड्डा मुख्यालय डीएसपी राजेंद्र दुबे को जैप 7, एसडीपीओ राजमहल अनिल कुमार सिंह को आइजी कार्यालय रांची, एसडीपीओ छतरपुर अवध कुमार यादव को सिमडेगा मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ सरायकेला दिलीप खलखो को एसडीपीओ पाकुड़, एसडीपीओ पाकुड़ प्रदीप उरांव को सरायकेला मुख्यालय, एसडीपीओ बरही नौशाद आलम को एसडीपीओ छतरपुर, एसडीपीओ खोरी महुआ साजिद जफर को एसआइएसबी बोकारो, एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल को एटीएस और एसीबी डीएसपी संतोष कुमार मिश्र को एसडीपीओ सरायकेला के पद पर तबादला किया गया है।

## भाजपा का नारी शक्ति वंदन अभियान

**रांची।** भाजपा महानगर के सभी 17 सांगठनिक मंडलों में नारी शक्ति वंदन अभियान का समापन बुधवार को हुआ। पिछले दो माह से चल रहे शक्ति वंदन कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी 17 मंडलों में वर्चुअली जुड़ी महिला समूह की बहनें और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सभी मंडलों में महिला कार्यकर्ताओं ने सरल एप डाउनलोड कर पंजीयन कराया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री लुइस मरांडी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, सीमा पासवान, काजल प्रधान, वरूण साहू, बलराम सिंह, लक्ष्मी कुमारी, दिव्या साहू, ज्योति सिन्हा सहित सभी मंडलों में महिला कार्यकर्ताओं ने वर्चुअली जुड़ कर प्रधानमंत्री की बातों को सुना।


**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**

P.O- NETARHAT, DISTRICT - LATEHAR

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept., Govt. of Jharkhand)

**SHORT TENDER NOTICE**

Enquiry No-534 Dated-26.02.2024

Sealed tenders are invited on behalf of Netarhat Residential School, Netarhat from Companies, OEMs, reputed firms,Supplier's, Service Provider having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for purchase and installation of two Iron Gates in Bunglow NO.-01 at Netarhat Residential School campus situated at Netarhat, District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | for purchase and installation of two Iron Gates in Bunglow NO.-01at Netarhat Residential School, Netarhat – 835218, District – Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | for purchase and installation of two Iron Gates in Bunglow NO.-01at Netarhat Residential School, Netarhat – 835218, District – Latehar, Jharkhand. |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, District- Latehar |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 26.02.2024 at 5 P.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Bids | 11.03.2024 at 02.00 P.M. |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 12.03.2024 at 03.00 P.M |
| 7. | Contact Persons with Details | 1. Dr. Prasad Paswan (Principal) Contact No- 6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com |

Complete details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Prasad Paswan)
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

**Tender Inviting Notice**

Enquiry No-535 Dated-26.02.2024

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for the Renovation of Vidyalaya Bungalow No.-05 at Residential School, Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Bunglow No.-05 at at Residential School Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Bunglow No.-05 at at Residential School Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand.. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 19.12.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 26.02.2024 at 05.00 P.M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 11.03.2024 at 02.00 P.M. |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 12.03.2024 at 03.00 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Prasad Paswan)
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

**Tender Inviting Notice**

Enquiry No-537 Dated-26.02.2024

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for the Renovation of 'B' Type Staff Quarter at Residential School, Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of 'B' Type Staff Quarter at Residential School Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of 'B' Type Staff Quarter at Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 26.02.2024 at 05.00 P.M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 11.03.2024 at 02.00 P.M. |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 12.03.2024 at 03.00 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Prasad Paswan)
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

**Tender Inviting Notice**

Enquiry No-536 Dated-26.02.2024

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for the Renovation of 'C' Type Staff Quarter at Residential School, Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of 'C' Type Staff Quarter at at Residential School Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of 'C' Type Staff Quarter at at Residential School Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand.. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 26.02.2024 at 05.00 P.M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 11.03.2024 at 02.00 P.M. |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 12.03.2024 at 03.00 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Dr. Prasad Paswan)
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

www.epaper.azadsipahi.in

07 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 137

पीएम मोदी पर की गयी टिप्पणी: चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जारी की एडवाइजरी, सतर्क रहने की दी सलाह



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand



Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 41 प्रस्ताव पारित

# बच्चों की देखभाल के लिए महिला कर्मियों को अब 370 दिन अवकाश

**कृषि उपकरणों की खरीद में 80 फीसदी तक अनुदान देने का फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट ने महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके तहत जिनके बच्चे 18 साल से नीचे हैं, उन महिला कर्मियों को चाइल्ड केयर लीव के तहत 730 दिनों तक का अवकाश मिल सकेगा। इसके साथ ही एकल पुरुष जिनके बच्चे हैं, उन्हें भी यह सुविधा दी जायेगी। इसके अलावा कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 फीसदी तक अनुदान देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसका लाभ महिला समूह, कृषकों को मिलेगा। पहले अनुदान 40 फीसदी मिलता था। इसके अलावा 44 आवासीय विद्यालयों का संचालन गैर सरकारी माध्यम से करने का फैसला लिया गया है। इन विद्यालयों को एनजीओ को चलाने के लिए दिया जायेगा। राज्य स्तर के पदों में प्रोन्नति के लिए एक से 50 पदों के लिए आरक्षण के नये रोस्टर तय किये गये। मंत्रिमंडल सचिवालय ग्रामीण विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य अभिलेखागार संपर्क के समूह ग की भर्ती प्रोन्नति नियमावली स्वीकृत हुई। झारखंड उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए गैर संवर्ग कैडर में 25 पद सृजित किये गये।

कैबिनेट सचिव ने बताया कि अखिल भारतीय सेवा के पदाधिकारी को चिकित्सा प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है। अलग-अलग लेवल के अधिकारियों के लिए स्वीकृत प्राधिकृत पाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला में डीसी और सचिवालय में सचिव होंगे। इसका लाभ रिटायर अधिकारियों को भी मिलेगा। कैबिनेट ने इससे संबंधित प्रस्ताव पारित कर दिया। उधर, डीआरडीए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण का जिला परिषद में विलय किया जायेगा। इसे ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं के लिए सभी जिलों में शाखा का गठन किया जायेगा। 380 कर्मियों का जिला परिषद में विलय होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन वर्ष से अधिक के बच्चों को अंडा देने के लिए खरीद के लिए 6 रुपये प्रति अंडा की दर तय की गयी और इसे सेविका खरीदेंगी।





### कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्यस्तरीय पदों में प्रोन्नति में आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने की मंजूरी
- बीएयू को कृषि विज्ञान केंद्र देवघर की कृषि भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति
- झारखंड राज्य अभिलेखागार भर्ती नियमावली में संशोधन
- उच्च न्यायालय रांची में आइटी सेल के लिए 5 संविदा आधारित पद दो साल के लिए सृजित
- उच्च न्यायालय में स्थापना के लिए 25 अराजपत्रित पद सृजित
- झारखंड सेवा संहिता में संशोधन को मंजूरी
- राजनगर प्रखंड में भीम खंडा लिफ्ट इरिगेशन योजना को मंजूरी
- झारखंड कारखाना नियमावली में संशोधन को मंजूरी
- सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए आइसीसीआर के साथ सरकार को एमओयू करने की मंजूरी
- झारखंड फूड एंड फीड नियमावली को मंजूरी
- उच्च न्यायालय में 20 ट्रांसलेटर के पद सृजित
- स्वास्थ्य केंद्रों में पीपीपी मोड में दस बेड आइसीयू सीसीयू के लिए सरकार इ गवर्नेंस बंगलुरू के साथ एमओयू करने की मंजूरी
- जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के उत्थान के लिए प्रेरकों का होगा चयन
- जेपीएससी द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के लिए आयु की कट ऑफ डेट तय

## शिक्षक-कनीय अभियंताओं को सीएम आज देंगे नियुक्ति पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरुवार को धुर्वा स्थित शहीद मैदान में प्रस्तावित कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत चार विषयों में चयनित अभ्यर्थियों और डिप्लोमा स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा से अब तक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। चार विषयों भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान और भूगोल विषय में चयनित लगभग 1,250 अभ्यर्थी शामिल हैं। साथ ही डिप्लोमा स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के तहत कनीय अभियंता, पाइप लाइन इंस्पेक्टर, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर और खान निरीक्षक के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

## खाद्य सुरक्षा लाभुकों को चना दाल और नमक मुफ्त

महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत झारखंड लोकसेवा आयोग के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद पर सीधी भर्ती की नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिए अधिकतम या न्यूनतम आयु सीमा की गणना तय की गयी है। इसके तहत आयु सीमा न्यूनतम 1.8.2024 निर्धारित हुई है। वहीं, खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर झारखंड राज्य द्वारा संचालित दाल वितरण योजना का नाम परिवर्तन करके मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना किया गया तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना से लाभुकों को नमक चना दाल मुफ्त देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रस्ताव पर नमक वितरण योजना का मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना के नाम किया गया। एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडीन नमक पर परिवार को देने की मंजूरी दी गयी। धान खरीद के लंबित भुगतान के लिए एक अरब 32 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी। खेल गांव सड़क से नामकुम 6.275 को फोरलेन करने के लिए 158 करोड़ की मंजूरी दी गयी।

## 2024 चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार, जल्द जारी होगा

**30 लाख सरकारी नौकरी, एमएसपी कानून, जाति जनगणना, सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करने का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र तैयार कर लिया है। इसे आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा पारित होने के बाद जारी किया जायेगा। सूत्रों ने बताया कि इसमें रोजगार, महंगाई से राहत और सामाजिक न्याय पर खास फोकस किया गया है। कांग्रेस केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों को भरने का वादा करने जा रही है। मुस्लिमों को रिझाने के लिए सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करने, महिलाओं के लिए छह हजार महीना और केंद्र सरकार की नौकरियों में 33 फीसदी आरक्षण का जिक्र भी किया गया है। जाति आधारित जनगणना करवाने और आरक्षण की सीमा बढ़ाने का भी वादा किया गया है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No.48/RA/YP/LA/OA/AFO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "ओडिशा की चावल आधारित फसल और खेतीप्रणाली के लिए गुणवत्ता वाले बायोइनीकुलेंटस का उत्पादन, लोकप्रिय करण और आपूर्ति शीर्षक परियोजना (ईएपी-416) में एक (01) अनुसंधान सहयोगी, एक (01) यंगप्रोफेशनाल-I, एक (01) यंगप्रोफेशनल-II दो (02) प्रयोगशाला सहायक, एक (01) कार्यालय सहायक और तीन (3) कृषिप्रक्षेत्र संचालक के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांकं 19.03.2024, 21.03.2024 & 22.03.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वंछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संवंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https//icar-nrri.in पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview will be held on 19.03.2024, 21.03.2024 & 22.03.2024for selection of **One (01) Research Associate (RA), One (01) Young Professional (YP-I),One (01) Young Professional (YP-II), Two (02) Laboratory Assistant (LA), One (01) Office Assistant (OA) and Three (3) Agriculture Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Production, Popularization and Supply of Quality Bioinoculants for Rice-based Cropping and Farming System of Odisha" (EAP-416)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

### न्यूज रील्स

**सीबीआइ को शाहजहां शेख की कस्टडी मिली**

कोलकाता। कलकत्ता हाइकोर्ट के आदेश के 26 घंटे बाद बंगाल पुलिस ने शेख शाहजहां को सीबीआइ के हवाले कर दिया। जांच एजेंसी की एक टीम दोपहर 3:45 पर पुलिस हेडक्वॉर्टर पहुंची थी। शाम 6:30 के बाद सीबीआइ को शाहजहां की कस्टडी मिली। सीबीआइ अब शाहजहां को मेडिकल टेस्ट करवायेगी, इसके बाद गुरुवार से पूछताछ शुरू होगी।

**महाराष्ट्र में एनडीए का सीट शेयरिंग फॉर्मूला तय**

मुंबई। महाराष्ट्र में एनडीए के सहयोगी दलों भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बन गयी है। तय फॉर्मूले के तहत राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से भाजपा 30 से 32 सीटों पर, शिवसेना 10 से 12 और एनसीपी 6 से 8 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति के बैठक के बाद राज्य में सीट शेयरिंग पर आधिकारिक घोषणा की जायेगी।

**भाजपा का नया कैंपेन 'मैं हूं मोदी का परिवार' लांच**

नयी दिल्ली। राजद प्रमुख लालू यादव के परिवारवाद वाले बयान का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। इसके बाद भाजपा नेताओं ने अपने प्रोफाइल पर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखना भी शुरू कर दिया था। भाजपा यहीं नहीं रुक रही है। बुधवार को भाजपा ने अपने कैंपेन 'मैं हूं मोदी का परिवार' के तहत पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हर किसी से अपनापन, हर किसी से सरोकार तभी तो 140 करोड़ देशवासी हैं, पीएम मोदी का परिवार।

## फ्लाइओवर निर्माण जुलाई तक पूरा करें: चंपाई

**-मुख्यमंत्री ने कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाइओवर की प्रगति का निरीक्षण किया**

आजाद सिपासी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को राजधानी रांची में बन रहे कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाइओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आम जनता जुलाई 2024 से फ्लाइओवर का उपयोग कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए निर्माण कार्य इस समय तक हर हाल में पूरा करें। निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाये। जरूरत पड़े, तो मानव बल बढ़ायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण में आ रही किसी तरह की समस्या का निराकरण तत्काल करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग और जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि फ्लाइओवर निर्माण के दौरान शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। कोई भी नया निर्माण दीर्घकालिक दृष्टि के साथ होना चाहिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## महादेव सट्टा ऐप घोटाले में इडी का पुणे में छापा, पांच हिरासत में

**रायपुर (आजाद सिपाही)।** महादेव सट्टा ऐप केस में रायपुर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने पुणे के कात्रज में छापा मारा है। इस दौरान लोटस 365 ऐप से जुड़े लोगों के ठिकानों से 1.20 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। वहीं पांच आरोपियों को पकड़ा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। टीम उन्हें लेकर रायपुर लौटी। महादेव सट्टा ऐप केस में इडी ने मनी लांड्रिंग और लेन-देन के आरोप में कोलकाता से सूरज चोखानी को गिरफ्तार किया था। वहीं ऐप के मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा की भोपाल से गिरफ्तारी हुई थी। तलरेजा पर महादेव ऐप से जुड़े लोटस 365 सट्टा ऐप का मुख्य संचालनकर्ता होने का भी आरोप है।

रजिस्ट्री सं० डी एल०–33004/99    REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.–01032024–252550
CG-DL-E-01032024-252550
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 921]    नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 29, 2024/फाल्गुन 10, 1945
No. 921]    NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 29, 2024/PHALGUNA 10, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 29 फरवरी, 2024

**का.आ. 966(अ).**– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के गाँव– रकुवा (4) लिपिया (3) तालुक–गोला में Greenfield Highway के कि.मी. 325.95 से कि.मी. 354.8 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है ।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा ।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् डी एल ए ओ रामगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा ।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के रामगढ़ जिले के गाँव– रकुवा (4) लिपिया (3) तालुक–गोला मे Greenfield Highway के कि.मी. 325.95 से कि.मी. 354.8 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

[फा.स. NHAI/11015/5/PD/DHN/3A]
अभय जैन, उप सचिव

प्रकाशन तिथि: 29.02.2024
https://egazette.gov.in
https://egazette.gov.in/(S(ooqrgikvmhiasx3ffw0mjs1h))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showfile.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVBX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=Njc1NjQ=&EncHid=420810549&type_id=1

## एमटी राजा को झामुमो में शामिल कराने उधवा पहुंची कल्पना, कहा

# दुख की घड़ी में राजा भैया का साथ मिला, अब झामुमो का परचम लोकसभा-विधानसभा चुनाव में लहरायेगा

कार्तिक कुमार

**साहेबगंज/पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा ने बुधवार को उधवा हाइ स्कूल मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की मौजूदगी में झामुमो का दामन थामा। कल्पना सोरेन ने पार्टी का पट्टा पहनाकर एमटी राजा को उनके हजारों समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल कराया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कल्पना सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, मिथिलेश ठाकुर, विजय हांसदा, हेमलाल मुर्मू का जोरदार स्वागत किया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हमें राजा भैया का साथ मिला है, अब झारखंड झुकेगा नहीं।

कल्पना सोरने ने कहा कि यहां मौजूद जन सैलाब कह रहा है कि अब झारखंड में झामुमो आयेगा। आप लोग अभी से कमर कस कर लीजिये। हेमंत जी आज जेल में हैं। किस कारण से हैं, आप सब को पता है। मुझे घर की दहलीज से बाहर निकलना पड़ा। मैं हेमंत जी के अधूरे काम और उनके सपने को साकार करने के लिए आप सब के पास आयी हूं। मेरे ससुर गुरुजी ने संघर्ष कर झारखंड राज्य लिया, लेकिन दिल्ली में बैठे लोग झारखंड की जनता की तरक्की देखना नहीं चाहते हैं। कल्पान ने कहा कि हेमंत जी ने यहां बेघर लोगो के लिए अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना समेत कई योजनाओं को शुरू किया। आप सभी से अपील है कित लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में झामुमो का परचम लहराने में साथ दें।

मिलन समारोह को मंत्री हफीजुल और मिथिलेश ठाकुर ने भी संबोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनायी। वहीं, सांसद विजय हांसदा, हेमलाल मुर्मू, एमटी राजा ने लोगों से आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.4 °c | 12.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.54 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.05 बजे | |

# झामुमो ने कहा - भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी

## पश्चिमी सिंहभूम के कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 20वें दिन बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला सचिव सोनाराम देवगम की अध्यक्षता में उपवास रखा।

मौके पर सोनाराम देवगम ने कहा कि हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचारी जोड़ो पार्टी। भाजपा कोई पार्टी नहीं है। वह



वाशिंग मशीन बन गयी है। भाजपा अपने आप को गंगा समझ रही है, जिसमें जितने भ्रष्टाचारी जायेंगे वह साफ हो जायेंगे।

रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि उपवास कार्यक्रम के 20वें दिन पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति आयी है और हेमंत सोरेन के न्याय के लिए सभी यहां उपवास पर बैठे हुए हैं। सारे जिलों में पंचायत में भी न्याय यात्रा कार्यकर्ता निकाल रहे हैं। आने वाले चुनाव में केंद्र की भाजपा सरकार को यहां की जनता झारखंड के अपमान का बदला लेगी।

# बेरोजगारी भत्ता का वादा भूल चुकी गठबंधन सरकार: भाजपा

**प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने बुधवार को चंपाई सरकार पर निशाना साधा। कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के झामुमो, कांग्रेस, राजद ठगबंधन ने राज्य के युवाओं के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता और नहीं तो इस्तीफा का वादा किया था। पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ने न तो युवाओं को नौकरी दी और न



बेरोजगारी भत्ता, भले हेमंत सोरेन का इस्तीफा भ्रष्टाचार के कारण हुआ, लेकिन कहीं न कहीं उसमें युवाओं की आह भी शामिल है।

कहा कि सरकार भी युवाओं को रोज ठग रही है। आज तक जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार की सीबीआइ जांच का आदेश राज्य सरकार ने नहीं दिया। सरकार की नजरों में भी युवाओं की कोई कद्र नहीं। यह सरकार सर्वजन पेंशन योजना का ढिंढोरा पीट रही, जबकि पेंशन की योजनाएं बहुत पहले से लागू हैं। यह सरकार बेरोजगारी भत्ता के बारे में कोई विचार नहीं कर रही है। युवा अपनी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए लाखों रुपये खर्च कर रहे हैं, लेकिन नौकरियों को बेचा जा रहा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव बढ़ेगा और महत्वपूर्ण पद पा सकेंगे। वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**वृष** विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होंगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।

**मिथुन** अनेक रचनात्मक कार्यों की प्रेरणा मिलेगी, आजीविका की दिशा में चले आ रहे प्रयास पूर्ण होंगे।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। घर और बाहर आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** घर में खुशी का वातावरण। व्यावहारिक कुशलता और बौद्धिक चतुरता से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**कन्या** अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी। हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति।

**मकर** मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है,घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नये मेहमान का आगमन होगा।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में योग प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योग-नेचुरोपैथी विभाग सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय योग प्रतियोगिता उमंग 2024 का समापन विवि परिसर में हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो गोपाल पाठक और विशिष्ट अतिथि प्रो नीलिमा पाठक उपस्थित हुए।

प्रो गोपाल पाठक ने योग के महत्व और इसकी विशेषता पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को इसे प्रतिदिन के अभ्यास में शामिल करने और इसे जन जागरण के तौर पर प्रचार करने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि प्रो नीलिमा पाठक ने कर्मो में कुशलता को ही योग का पर्याय बताया। साथ ही उन्होंने अच्छी सोच और अच्छे कर्मों की उपयोगिता पर जोर दिया।

प्रतियोगिता में बालक और



बालिका वर्ग के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार-प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ राधा माधव झा और

धन्यवाद ज्ञापन अंजना कुमारी सिंह ने दिया। शांति पाठ डॉ अर्चना मौर्या ने किया। इस अवसर पर विवि के अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, डॉ कुमारी सपना, दीपशिखा पांडेय, पंकज केसरी उपस्थित थे। प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामना प्रेषित की।

## कनीय अभियंताओं की जल्द होगी बहाली

**रांची (आजाद सिपाही)। नगर विकास विभाग में 60 से अधिक कनीय अभियंताओं की जल्द नियुक्ति होगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रांची के द्वारा झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 अंतर्गत सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच प्रारंभ की गयी है। नगर विकास विभाग ने इस कार्य के लिए 20 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर्मचारी चयन आयोग में की है। इनमें सचिवालय सेवा के अधिकारी के साथ इंजीनियर भी हैं। मो बशीर अहमद, अनिल कुमार शर्मा, मो सोयेब अंसारी, अंशु कुमारी, अरुण कुमार, निकेश कुमार, गौरव कुमार, नीरज श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार, जयकांत पंडित आदि हैं। प्रमाण पत्रों की जांच के बाद आयोग सरकार को नियुक्ति की अनुशंसा करेगा। इसके बाद उन्हें नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। बता दें कि पथ निर्माण विभाग में कनीय अभियंता की नियुक्ति की जानी है।**

## विजया एकादशी संकीर्तन में निशान पूजा

# लहराते देखे हैं, हमने श्याम निशान हजारों...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन माह की विजया एकादशी पर 6 मार्च को विशेष एकादशी कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य मनोहारी आलौकिक विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु और बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से मंगाये गये पीला-लाल गुलाब, रजनीगंधा, लाल-पीला गेंदा की मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम श्रृंगार किया गया। राजीव रंजन मित्तल, कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन कर खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। रात में एकादशी का विशेष भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। मंडल के श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, साकेत ढानढनिया, अनुज मोदी, गौरव अग्रवाल ने भक्तों को अपने भजनों से झुमाया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रौनक पोद्दार, अभिषेक सरावगी, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, निखिल नारनौली आदि उपस्थित थे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 18 मार्च को निशान शोभा यात्रा के द्वारा निशान चढ़ेंगे, जिसकी यात्रा मारवाड़ी भवन हरमू रोड से प्रारंभ होगी।

# समाजसेवी पवन बजाज को मातृशोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाजसेवी पवन बजाज की मां गीताश्री बजाज का बुधवार को श्रीराम गार्डेन, कांके रोड स्थित निवास स्थान में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 मार्च हरमू रोड मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। गीताश्री बजाज की अंतिम इच्छा नेत्रदान की थी। उन्होंने पूर्व



में ही नेत्रदान के लिए अपना फॉर्म भर दिया था। मृत्यु के बाद पुत्र पवन बजाज ने नेत्र दान कराया। गीताश्री ने अपने पीछे पुत्र, पुत्रियां, पौत्र-पौत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं। भागचंद पोद्दार, राजकुमार केडिया, प्रकाश चंद सेठी, संतोष सरावगी, विनोद जैन, मनोज बजाज, प्रमोद सारस्वत, कमल केडिया, श्याम सुंदर बजाज, प्रकाश सेठी, विक्की जैन, सत्यनारायण सिंह, तपन सेन सहित अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव दस को

**रांची (आजाद सिपाही)। श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 136वां जन्मोत्सव 10 मार्च को बोड़ेया रोड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। सत्संग बिहार रांची के सचिव देव आशीष गुप्ता ने बुधवार को बताया कि वेद मांगलिक शहनाई के साथ सुबह 4.30 बजे कार्यक्रम शुरू होगा। कीर्तन, विनती प्रार्थना और वाणी पाठ आदि होंगे। पूज्य सिपाई दादा के कर कमल से उसी सत्संग बिहार का शुभ उद्बोधन होगा। मुख्य धर्म सभा का आयोजन होगा।**

## आसाराम बापू के समर्थन में जन जागृति मौन यात्रा

# आयुर्वेदिक उपचार की मांग

**राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत आसाराम बापू के गंभीर स्वास्थ्य के चलते रिहा करने की मांग को लेकर रांची में जन जागृति मौन यात्रा निकाली गयी। छगनलाल धर्मशाला लेक रोड के समीप से कचहरी रोड होते हुए मौन यात्रा निकाली गयी, जो राजभवन तक गयी। हाथों में होर्डिंग-बैनर लेकर बापू की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। योग वेदांत सेवा समिति और महिला मंडल के तत्वावधान में राज्यपाल को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि अगर सरकार




अविलंब बापू को रिहा नहीं करती है, तो वोट का बहिष्कार किया जायेगा। अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार को अविलंब हमारी आवाज को सुनना चाहिए और बापू को रिहा करने की कार्रवाई करनी चाहिए। बिहार-झारखंड के कार्यकम आयोजन प्रभारी संदीप भाई ने कहा कि आसाराम बापू विगत 11 वर्षों से जोधपुर जेल में बंद हैं। लंबे समय से उनका स्वास्थ्य भी बेहतर नहीं है। दो बार हार्ट अटैक भी आ चुका है। सफल संचालन में संदीप, मनीष, विशाल गुप्ता, सचिन इंदवार, प्रवीण, संतोष गुप्ता, जीतेंद्र सिंह, प्रबीर सिन्हा, संजीव विजयवर्गीय, राजीव सिंह, रोशन कुमार, दीक्षा कुमारी, अर्चना प्रमुख रूप से शामिल थे।

# चुटिया में निकलेगी भव्य शिव बारात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि पर वर पक्ष द्वारा प्राचीन श्री राम मंदिर शिव बारात समिति के तत्वावधान में मुनचुन राय के नेतृत्व में भव्य शिव बारात निकाली जायेगी। बारात आरपीएफ शिव मंदिर के प्रांगण से निकाली जायेगी, जो कि प्राचीन श्री राम मंदिर होते हुए महादेव मंडा तक जायेगी। शिव मंदिर में बाबा भोलेनाथ देवाधिदेव महादेव का विवाह संपन्न होगा। साथ ही वधू पक्ष महादेव मंडा स्वागत समिति के द्वारा महादेव मंडा के प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। शिव बारातियों का भव्य स्वागत किया जायेगा। प्रसाद वितरण भी होगा।



इस आयोजन में मुख्य रूप से स्वागत समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, संयोजक संजय प्रसाद, संरक्षक राधेश्याम केसरी, छत्रधारी महतो, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, लालो महतो, रवि गोप, भोला केसरी, दिलीप साहू, उदय पासवान, प्रमोद गोप, दीपक साहू, धनंजय ठाकुर समेत अन्य इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# पिस्का मोड़ में खुला भोला मिष्ठान का चौथा आउटलेट

## मिठाइयों के साथ रेस्ट्रो में फूड वेरायटी की रेंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के पिस्का मोड़ में बुधवार को श्री भोला मिष्ठान भंडार के नये आउटलेट की शुरुआत की गयी। बिजुपाड़ा की अमर ज्योति संस्था के दिव्यांग बच्चों ने इसका उद्घाटन किया। बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद बच्चों ने फीता काटकर आउटलेट का उद्घाटन किया। बच्चों ने रेस्टोरेंट में तरह-तरह के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। आउटलेट में मिठाइयों की बड़ी रेंज है। संचालक संजय और



जीएम कमल तिवारी ने बताया कि फैक्ट्री हेड अंशुमन आउटलेट पर प्रोडक्शन से लेकर क्वालिटी का ध्यान रख रहे हैं। यही वजह है कि लोगों को क्वालिटी प्रोडक्ट दे पा रहे हैं। मिठाइयों में किसी भी तरह की मिलावट नहीं होती। शुद्ध दूध से मिठाइयां बनती हैं। जीएम कमल ने बताया कि मिठाइयों के अलावा रेस्टोरेंट भी है, जिसमें अलग-अलग वेरायटी के फूड आइटम्स उपलब्ध हैं।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

# काफी सरल हो गया है राजभाषा हिंदी में काम करना: कुमार संजय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक बुधवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय ने की।

कुमार संजय ने कहा कि ऐसी स्थिति आज नहीं रह गयी है कि जहां राजभाषा हिंदी में काम करना कठिन हो। केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में सरकारी काम में हिंदी का अधिक प्रयोग करने की भारतीय संविधान के अनुसार व्यवस्था है। उन्होंने राजभाषा नीतियों, नियमों और आदेशों को लागू करने के लिए बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया। उन्होंने आगे यह भी कहा कि यदि अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी में कार्य करना और करवाना है तो हमें इस प्रकार से योजना बनानी पड़ेगी कि लोग हमारे पास आयें और कहें कि मैं हिंदी में कार्य करना चाहता हूं और हिंदी में कार्य करना भी सरल है।

इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पत्रिका राजभाषा जोहार का चतुर्थ अंक का लोकार्पण भी किया गया और वर्ष 2022-23 के लिए नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रथम तीन पत्रिकाओं को अध्यक्ष के द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र की तकनीकी अधिकारी अणिमा प्रभा ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। सचिव डॉ सूर्यकांत सामल ने बैठक की महत्ता और सदस्य कार्यालयों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा भी की।

**चेक बाउंस केस**

## अभिनेत्री अमीषा पटेल पैसा देने के लिए तैयार

**रांची (आजाद सिपाही)। फिल्म अभिनेत्री अमीषा बुधवार को चेक बाउंस से जुड़े केस में बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गयी हैं। उन्होंने आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपये प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की है। इसके बाद कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उन्हें हाजिर होने का निर्देश दिया था, लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए वह बुधवार को भी उपस्थित नहीं हुईं। अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया।**

# सच्चा दरबार है ये, सर झुकाने चले आओ...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में 6 मार्च को फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर्व श्रद्धा और भक्तिपूर्ण वातावरण में मना। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र, स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया। साथ ही शिव परिवार, हनुमान जी का भी विशेष श्रृंगार किया गया। फाल्गुन मास में खाटू धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में



अर्पित किये जाने वाले निशानों की विधिवत पूजा मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बगला और मंत्री धीरज बंका ने की। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव की पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, केसरिया दूध और मगही पान का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश चंद्र सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, अरुण धानुका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल, सुदर्शन समेत अन्य लगे रहे।

## सांसद समीर उरांव के प्रयास की अरुण जोशी ने सराहना की

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-गुमला रेललाइन के निर्माण के लिए पर्याप्त बजटीय स्वीकृति दिलाने और लोहरदगा होकर कई जरूरी यात्री ट्रेनों को चलाने का प्रस्ताव रेलमंत्री को सौंपने पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरूण जोशी ने राज्यसभा सांसद समीर उरांव का आभार जताया। कहा कि सांसद के प्रयास से रांची से जयपुर सीधी ट्रेन चलाने और लोहरदगा लाइन से अयोध्या तक ट्रेन के परिचालन की सकारात्मक सहमति रेलमंत्री ने दी है। सांसद ने लोहरदगा, टोरी लाइन से ट्रेनों के परिचालन और राजधानी रांची को हजारीबाग टाउन, गढ़वा और अन्य छोटे ग्रामीण क्षेत्रों को रेल इएमयू पैसेंजर ट्रेन से जोडने पर भी सकारात्मक प्रयास किया है। सांसद के इन प्रयासों का फायदा लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के साथ ही रांची की जनता को रेल के माध्यम से मिलेगा।

## बीएसएनएल का कैंप चेंबर भवन में 14 मार्च को

**रांची (आजाद सिपाही)। चेंबर ऑफ कॉमर्स और बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद की बैठक बुधवार को चेंबर भवन में हुई। बैठक में सालों से बंद टेलीफोन कनेक्शन के बकाया बिल भुगतान संबंधी नोटिस पर चर्चा की गयी। चेंबर की ओर से जानकारी दी गयी कि सालों साल से बंद टेलीफोन सेवा का बिल अब उपभोक्ताओं को मिल रहा है। नोटिस में बिल भुगतान जल्द करने की बात कही गयी है। चेंबर ने इस दौरान नोटिस को शिथिल करने की मांग की। चर्चा के दौरान सहमति बनी कि 14 मार्च को बीएसएनएल द्वारा चेंबर भवन में एक कैंप का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ऐसे सभी मामलों का निपटारा किया जायेगा। अध्यक्ष किशोर मंत्री और टेलीकम्यूनिकेशन उप समिति चेयरमैन अनिस सिंह ने उपभोक्ताओं से बिल संबंधित समस्या की जानकारी 13 मार्च तक चेंबर को प्रेषित करने की अपील की। बैठक में रंजीत टिबड़ेवाल, पवन शर्मा, आनंद जालान, किशन अग्रवाल और बीएसएनएल के अधिकारी उपस्थित रहे।**

## टिकट मिलने के बाद खूंटी पहुंचे अर्जुन मुंडा ने बताया : आवंटित हो चुके हैं 40 करोड़ रुपये

# टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित होंगे बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों उलिहातू, डोंबारी, चलकद, एटकेडीह आदि गांवों को टूरिस्ट सर्किट के रूप में विकसित किया जायेगा। उक्त बातें केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री व खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहीं। वे बुधवार को खूंटी से फिर से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नाम घोषित होने के बाद पहली बार खूंटी पहुंचे थे। खूंटी परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जंगलों के बीच जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को देश-दुनिया के लोग यहां आकर अच्छे से जान सकें, उनकी गाथा को समझ सकें और यह महसूस कर सके कि समुचित संसाधनों एवं सुविधाओं के अभाव के बावजूद कैसे एक वीर योद्धा ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव दिला दी थी। इसके लिए प्रथम चरण में 40 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध करा दी गई है। योजना के क्रियान्वयन के लिए कंसल्टेंट भी नियुक्त कर दिया गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही खूंटी जिला के सभी प्रखंडों में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इन विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसे लेकर झारखंड में ढाई सौ शिक्षकों की नियुक्ति भी कर ली गई है। जनजातीय बहुल इलाकों के लिए यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। खूंटी में पांच वर्ष बाद भी शहरी जलापूर्ति योजना का काम पूरा ना होने के सवाल पर अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार के पाले में गेंद डाल दिया। कहा कि योजना के लिए समय पर केंद्र से राशि उपलब्ध करा दी जाती है, लेकिन धरातल पर योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार को ही करना पड़ता है। राज्य सरकार को यह देखना चाहिए कि योजना का क्रियान्वयन समय पर हो, ताकि समय से लोगों को उसका लाभ मिल सके। सांसद द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र खूंटी में नहीं रहने यहां से दूरी बनाए रखने के कांग्रेस नेताओं के आरोप पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता के बीच में रहे हैं और उसके बीच में ही रहेंगे।



खूंटी में समर्थकों के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

### बाइपास सड़क निर्माण के लिए मिल चुकी है औपचारिक स्वीकृति

खूंटी में बाईपास सड़क के स्थानीय लोगों की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसकी औपचारिक स्वीकृति मिल चुकी है। बाइपास सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे भी बढ़ चुकी है। जल्द ही इस विषय पर और जानकारी लोगों को मिल जाएगी।

# सुदेश महतो ने किया पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

## 12.32 करोड़ की लागत से निर्मित होना है पुल



**पुल की लंबाई** : 205 मीटर
**पुल की चौड़ाई** : 16 मीटर
**स्पेन** : 12
**लागत** : 12 करोड़ 32 लाख, 51 हजार रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** विधायक सुदेश महतो ने बुधवार को कांची नदी के हारिन घाट पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास कियी। बतातें चलें कि साल 2004 में ही हारिन घाट पर पुल बना था। जो सोनाहातू के सात पंचायत के लिये लाइफ लाइन की तरह था। लेकिन साल 2020 से पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद आवागमन को बंद दिया गया था। जिससे सात पंचायत के लोगों को 30 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर मुख्यालय आना पड़ता था। उधर, पुल निर्माण के लिए शिलान्यास होने पर पूरे सात पंचायत के लोगों में खुशी का माहौल है। इस दौरान समारोह में खेलो सिल्ली कार्यक्रम के तहत पंचायत के खिलाड़ियों को खेल किट दिया गया। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, गांडेय प्रभारी अर्जुन बैठा, सुनील सिंह, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा, रमेश मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, अक्षय महतो, गुणाधर सिंह मुंडा, सुषेन प्रामाणिक, धरनी देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, राहे प्रखंड के नुरू-नावाडीह गांव में खाटंगा-लोवाहातू आठ किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। जिसके निर्माण पर दो करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सड़क निर्माण से पूरे लोवाहातू पंचायत के लोगो को प्रखंड मुख्यालय आने में सहूलियत होगा। वहीं, शिलान्यास समारोह में मुखिया रंभवती देवी, प्रभारी संजय सिद्धार्थ, धनंजय मुंडा, चरण सिंह मुंडा, रंग बहादुर महतो, पोली गोंझु, प्रकाश सिंहा, किरीटी महतो और मनोरंजन भोक्ता आदि उपस्थित थे।

# अपने जीवन में सेवा की भावना को जगाना होगा : कड़िया मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** स्वामी दयानंद सरस्वती के 200 वीं जन्म उत्सव पर बुधवार को महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैक सदस्य डॉ राधा रमण साहू के अलावा पद्मभूषण कड़िया मुंडा भी शामिल हुए। प्राचार्य दीपक कुमार ने अतिथिओं को शॉल ओढ़ाकर और तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं, बच्चों को संबोधित करते हुए कड़िया मुण्डा ने कहा कि हमें सेवा भावना को अपने जीवन में अवतरित करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के कई गणमान्य सदस्य भी उपस्थित हुए। आर्य ज्ञान प्रचार समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी शुशीला देवी, सचिव प्रेम प्रकाश आर्य एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता मौजूद रहे।

# 4.5 करोड़ की लागत से बननेवाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की विधायक ने रखी आधारशिला

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जेगोडकाई से चालाडीह 3.8 किमी व सारजमडीह से कुरचुडीह तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित होने वाली 3.2 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। उक्त सड़क के सुदृढ़ीकरण-निर्माण पर चार करोड़ पांच लाख 985 रुपये की लागत आएगी। इस अवसर पर हाड़ामलोहर गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए विधायक ने उसकी समस्यायें सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य भवानी मुंडा, तमाड़ प्रमुख अजय मुंडा, उप मुखिया मैयना देवी, उमेश महतो, रिषिकेश महतो, भोलानाथ सिंह मुंडा, प्रताप सिंह मुंडा और हलधर महतो आदि उपस्थित थे।



# पिपरवार पहुंचे मनीष जायसवाल सिद्धेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

आजाद सिवाही संवाददाता

**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। वे पिपरवार के तीन पंचायत किचटो, बचरा दक्षिणी और बचरा उतरी में पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक सबसे पहले कारो शिव मंदिर के समीप टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के नेतृत्व में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य से स्वागत किया गया। इस मौके पर सरिता टाना भगत, सविता टाना भगत, संचारिया टाना भगत, शर्मिला टाना भगत, ममता टाना भगत, मीना टाना भगत आदि मौजूद थे। जिसके बाद उनका काफिला बचरा चार नंबर चौक पहुंचा, जहां उन्होने अपने समर्थको के साथ जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने बचरा चार नम्बर में शहीद कृष्णा महतो, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ भीम राव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी और कांग्रेस-झामुमो की आलोचना की।



# देश प्रगति की ओर बढ़ रहा: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तैमारा में केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा देश प्रगति की ओर बढ़ रहा है। जिसमें जनता की सहयोग की आवश्यकता है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना में राज्य सरकार गड़बड़ी कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां चार-पांच पंचायत के आन लाईन में जाति सवासी अंकित कर दिये जाने से हजारों लोग परेशान है। जिसमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने बुंडू के एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो एवं अंचलाधिकारी पवन कुमार को बुलाकर किसानों को 11वीं और 12वीं किस्त में गड़बड़ी पर सुधार करने और अन्य लोगों के कार्यों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल , गोपाल भगत, मुखिया प्रियंका देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए किया भूमि पूजन

# विकसित भारत के लिए एक बार फिर मोदी को पीएम बनाना होगा : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को कर्रा प्रखंड के डेह-केला गांव में जल जीवन मिशन के तहत गोविंदपुर एवं सन्निकट ग्राम ग्रामीण जलापूर्ति योजना के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। 17 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस जलापूर्ति योजना के तहत गोविंदपुर, डेहकला और जरिया में तीन जलमीनारों का निर्माण कराया जाएगा और 38 टोलों के 2418 घरों में नल से जल पहंचाया जाएगा। सितंबर 2024 तक योजना का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा।

मौके पर स्कल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ और विकसित राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। दूषित पानी से लोगों की सेहत पर बुरा प्रभाव पडता है। इसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन के तहत पूरे देश के हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पानी की आपूर्ति की जाएगी। विधायक ने कहा कि जब भी सरकार कोई योजना गांव में देती है तो लोगों की भी जिम्मेवारी है कि वे निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखें और कोई अनियमितता होने पर इसकी जानकारी उन्हें दें। कोचे मुंडा ने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड की चम्पाई सोरेन की सरकार भी हेमंत सरकार के ही नक्शे कदम पर चल रही है और इस सरकार का भी वहीं हश्र होगा, तो हेमंत सरकार का हुआ। उन्होंने कहा कि इस सरकार में शामिल लोग 25-25 लाख रुपये लेकर प्रश्नपत्र लीक करते हैं। विधायक ने लोगों का आह्वान किया कि वे केंद्र में एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें।

**प्रधानमंत्री ने देश का मान बढ़ाया : जोरोंग आईद**

वहीं, जिप सदस्य जोरोंग आईद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी कार्यशैली से पूरी दुनिया में देश का मान-सम्मान बढ़ाया। आनेवाले लोकसभा चुनाव में हमें एक बार फिर भाजपा को मजबूत करना है, ताकि हमार देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा हो सके। वहीं, भाजपा नेता ब्रजेंद्र हेमरोम ने कहा कि प्रधाानमंत्री को हर समय देश की चिंता रहती है, विपक्ष के लोगों को अपने परिवार की चिंता रहती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह ने कहा गांव और गरीबों के विकास के हमें केंद्र में भाजपा की सरकार का लाना ही पड़ेगा। मौके पर राम लखन सिंह, शिव कुमार केसरी, सुधीर सिंह, नीलांबर सिंह, विनय गुप्ता, गोविंदपुर की मुखिया मीना देवी, सीमा देवी, रेशमी देवी, विनोद सिंह खिलेश्वर गोप सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीसीएलकर्मी को बंधक बना कर लोहे की चोरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना क्षेत्र के चुरी परियोजना के चार नम्बर पंखा घर के पास सीसीएल के लोहा पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। बंद पड़े एक भवन के अंदर लगे सभी लोहा के दरवाजा खिड़कियों और एंगल की चोरी कर ली है। जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रात चार-पांच की संख्या में पहुंचे अज्ञात चोरों ने पंखा घर में ड्यूटी कर रहे दो कामगारों को एक कमरा में बंद कर दिया जिसके बाद लोहा चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को घटना की जानकारी होने के बाद प्रबंधन द्वारा एक होमगार्ड के जवान को वहां तैनात किया गया। मंगलवार की रात फिर चार-पांच की संख्या में अज्ञात चोर वहां पहुंचे और चोरी करने का प्रयास किया। जिसके बाद होमगार्ड के जवान के द्वारा इसकी सूचना सीआईएसएफ को दी गई। सीआईएसएफ के पहुंचने से पहले चोर मौके से फरार हो गए। पंखा घर के आसपास कई सालों से काफी मात्रा में सीसीएल का लोहा पड़ा हुआ है। जिसकी लगातार चोरी हो रही है।

## बुंडू के नये अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रहण किया प्रभार



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल में नये अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी ने पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो से प्रभार ग्रहण किया। वहीं, निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो को बार एसोसिएशन की ओर से बार एसोसिएशन सभागार में विदाई दी गई। इस दौरान पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो को शोल ओढ़ा कर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो आनंद राम महतो शिव शंकर महतो अनूप जायसवाल रितेश जायसवाल दिनेश महतो आदि थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 30/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 12-03-2024को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 13-03-2024 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 13-03-2024 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i)अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2,राँची का कार्यालय। (ii)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Barrack Building in Judicial Officer's Residential Campus, Simdega. | 24,98,300.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 2 | Construction of Kitchen & washroom for Crench (PalnaGhar) at Civil Court Campus in Simdega. | 8,30,200.00 | 16,700.00 | 1,250.00 | 03 (Three) Months |
| 3 | Construction of Fly Proof Net in Door & Windows with Aluminium in D-Type Qtr. (I Block -6 Units) for Judicial Officer's Diptitoli, Simdega. | 12,18,900.00 | 24,400.00 | 2,500.00 | 02 (Two) Months |
| 4 | Construction of Canteen and Dispensary at Civil Court Campus, Simdega. | 20,69,700.00 | 41,400.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 5 | Concertina Fencing, Rising work on Boundary and Construction of Santary Post in Campus of Civil Court, Simdega. | 24,38,400.00 | 48,800.00 | 5,000.00 | 03 (Three) Months |
| 6 | Wooden Panelling Work in V.C Room and Prepare of Vulnerable Witness Deposition Centre (V.W.D.C) in Annexie Building Civil Court, Simdega. | 15,35,900.00 | 30,800.00 | 5,000.00 | 02 (Two) Months |
| 7 | Renovation and Sohrai Painting of DC Residence Boundary wall at Simdega. | 2,49,576.00 | 5,000.00 | 500.00 | 01 (One) Month |

निविदा की शर्ते–**WWW.jharkhand.gov.in**एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 321747 Building(23-24).D

**Directorate of Horticulture**
**Department of Agriculture, Animal Husbandry and Cooperative,**
**Government of Jharkhand**
**3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke, Ranchi – 834006**

Setting up of Project Management Unit (PMU) to Design, Develop, Implement and Maintenance of Online Platform to facilitate traceability of activities under various schemes of Horticulture using Block Chain Technology

| | |
|---|---|
| RFP No. | Horti/06/2023-24 |
| Title of RFP | Setting up of Project Management Unit (PMU) for Design, Development, Implementation and Maintenance of Online Platform to facilitate traceability of activities under various scheme of Directorate of Horticulture/National Horticulture Mission using Block Chain Technology. |
| Type of Tender | QCBS (70:30) |
| Document Fee | INR 5,000 (Rupees Five thousand only) Only online submission will be accepted. |
| Date of publication of re-tender on website/newspaper | 07/03/2024 |
| Start & End Date and Time for downloading of RFP document | 08/03/2024 from 12:00 PM to 28/03/2024 up to 03:00 PM |
| Pre-Bid Meeting (offline) | 13/03/2024 at 03:00 PM at Directorate of Horticulture, 3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008. |
| Last date for submission of written queries via e-mail | 14/03/2024 up to3:00 PM |
| Last date and time for online submission of RFP | 28/03/2024 up to 05:00 PM |
| Date and place of technical bid opening of the RFP | 29/03/2024 at 3:00 PM Directorate of Horticulture, 3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 |
| Date and place for offline technical presentation | Date: To be communicated Place: Directorate of Horticulture,3rd Floor, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008 |
| Mode of Proposal Submission | The application forms along with terms and conditions etc. can be filled with the link available on the website jharkhandtenders.gov.inand can be uploaded Online only. |
| Name and Address of the tender inviting Authority | Mr. Suraj Kumar Director Horticulture, Jharkhand, Ranchi |
| Contact No. of e-procurement officer | 9430329944 |
| Email ID of e-procurement cell | ddhranchi@rediffmail.com |
| Period of selection | The contract will be awarded initially for one year which can be extended annually (maximum for 3 years) depending upon performance evaluation of on-boarded agency. |

PR 321776 Agriculture(23-24).D

Sd/-
Signature

# एआइ पर संतुलन की जरूरत

गूगल के एआइ प्लैटफॉर्म जेमिनाय की ओर से दिये गये गलत और आपत्तिजनक जवाबों से उपजा विवाद एक तरह से खतरे की घंटी है। बेशक, इस मामले में गूगल ने माफी मांग ली है, लेकिन अकके पूर्वाग्रहों से जुड़ा यह मसला बड़ा है। चाहे भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पूछा गया सवाल हो या अमेरिका में डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन दलों से जुड़ा प्रश्न या द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजी सैनिक बनाने की बात- जेमिनाय के रेस्पॉन्स ने अगर सनसनी फैलाई तो वह स्वाभाविक था। लेकिन ध्यान में रखने की बात यह है कि ये सिर्फ कुछ उदाहरण ही हैं। ज्यादा महत्वपूर्ण इस एआइ प्लैटफॉर्म की फंक्शनिंग में निहित वे गड़बड़ियां हैं, जिनकी ओर ये संकेत कर रहे हैं। वैसे, इस तरह के मामले सिर्फ किसी एक कंपनी या खास अकप्लैटफॉर्म तक भी सीमित नहीं है। अगर कोई एक प्लैटफॉर्म किसी एक मामले में गड़बड़ी करता है, तो दूसरा किसी और मामले में कर सकता है। अब तक के अनुभव बताते हैं कि एआइ पर संदेह करने के ठोस कारण हैं। मिसाल के तौर पर, एमेजॉन द्वारा 2014 में बनाये गये एक एआइ बेस्ड इवैल्यूएशन टूल का जिक्र किया जा सकता है, जिसे 2018 में हटा दिया गया था। पहले की नियुक्तियों से जुड़े डेटा के आधार पर यह क्वॉलिफाइड कैंडिडेट्स के पूल से महिलाओं को बाहर करना सीख गया था। खास बात यह है कि ऐसे एआइ टूल के सिस्टम से पुराने पूर्वाग्रहों को दूर करने की प्रक्रिया में भी एक खतरा है। यह सिस्टम पुराने पूर्वाग्रहों को छोड़ने के क्रम में नए पूर्वाग्रहों को अपना सकता है, जिनका पता लगाना और उन्हें दूर करना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया साबित हो सकती है। वैसे, इसके लिए एआइ सिस्टम को या उसकी फंक्शनिंग को पूरा दोष नहीं दिया जा सकता। बड़ा सवाल यह है कि इसे फीड कैसे किया जा रहा है? इसे जरूरी डेटा कहां से मिल रहा है? किताबों और अकैडमिक पेपर्स जैसे प्रामाणिक स्रोत कम पड़ जाते हैं। उसके बाद विकिपीडिया और ब्लॉग जैसे स्रोतों पर इन प्लैटफॉर्म्स को निर्भर किया जाता है। कहा जा सकता है कि ये सारे पूर्वाग्रह मूलतः समाज के अंदर ही हैं। लेकिन इस आधार पर इन्हें मान्य नहीं ठहराया जा सकता। यह जरूर है कि समाज के बड़े हिस्सों में इन पूर्वाग्रहों के कायम रहते एआइ से उन्हें हटाना खासा चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है। बहरहाल, एआइ को जितनी अहमियत मिल रही है, जिस तरह की उम्मीदें यह पैदा कर रही है और आने वाले वर्षों में आम जनजीवन में उसकी जितनी बड़ी भूमिका बनती दिख रही है, उसके मद्देनजर पूर्वाग्रहों के इस मसले का टिकाऊ हल ढूंढने की जरूरत है। लेकिन इसके साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी नीतिगत सख्ती की वजह से इसकी ग्रोथ प्रभावित न हो और इसकी खूबियों को न भुलाया जाये।

**एआइ को जितनी अहमियत मिल रही है, जिस तरह की उम्मीदें यह पैदा कर रही है और आने वाले वर्षों में आम जनजीवन में उसकी जितनी बड़ी भूमिका बनती दिख रही है, उसके मद्देनजर पूर्वाग्रहों के इस मसले का टिकाऊ हल ढूंढने की जरूरत है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आधुनिक भारत में महिलाएं अपने कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हो रही हैं और वे जीवन के हर क्षेत्र में, चाहे विज्ञान हो, कला हो या सेना हो, पुरुष समकक्षों से किसी भी मामले में कम नहीं हैं। ये महिलाएं अपने अधिकारों को समझने और उनका उपयोग करने में सक्रिय हैं। वे न केवल शिक्षा और करियर में उन्नति कर रही हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने में भी अग्रणी हैं।**

# महिला सशक्तिकरण एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**वीणा सिंह**




महिला सशक्तिकरण एक ऐसी अवधारणा है जो विश्व भर की महिलाओं के लिए अधिकार, स्वतंत्रता, और अवसरों के समान उपलब्धता की मांग करती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, जो प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है, महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके जीवन के निर्णयों में स्वायत्तता प्रदान करना। इसका उद्देश्य है कि महिलाएं शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक गतिविधियों में समान भागीदारी कर सकें। महिला सशक्तिकरण की इस यात्रा में शिक्षा का अत्यधिक महत्व है। शिक्षा से महिलाओं को अपने अधिकारों का ज्ञान होता है और वे अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास 1900 के दशक में शुरू होता है, जब महिलाओं ने मताधिकार, बेहतर कामकाजी परिस्थितियों, और समानता के लिए आवाज उठाई थी। आज यह दिवस पूरी दुनिया में विभिन्न थीम्स और गतिविधियों के साथ मनाया जाता है। हर वर्ष इस दिवस के लिए एक विशेष थीम चुनी जाती है जो महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है।

**महिलायें नये अवसरों को अपना रही हैं और अपने सपनों को साकार कर रही हैं।**

एक स्वतंत्र महिला लेखिका के रूप में, मेरी लेखनी हमेशा महिलाओं के संघर्ष और सशक्तीकरण की कहानियों को उजागर करती रही है। आज, जब हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर खड़े हैं, यह अवसर है हमें उन महिलाओं के योगदान को याद करने का, जिन्होंने इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

महिला सशक्तिकरण की यात्रा सिर्फ एक दिन के उत्सव तक सीमित नहीं है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है, जो समाज में महिलाओं के लिए समान अवसर और अधिकार सुनिश्चित करती है। यह लेख उन महिलाओं के बलिदान और उनकी उपलब्धियों को समर्पित है, जिन्होंने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से समाज में बदलाव लाया है।

हमारे देश में, बहुत सी महिलाएं हैं जिन्होंने अपने क्षेत्रों में असाधारण काम किया है। चाहे वह विज्ञान हो, शिक्षा हो, कला हो या खेल का क्षेत्र, हर जगह महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया है।

समाज में महिला सशक्तिकरण का महत्व न केवल उनके स्वयं के विकास में है, बल्कि यह भी है कि एक सशक्त महिला एक मूल्य आधारित, नैतिक और संतुलित समाज के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। आधुनिक भारत में महिलाएं अपने कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हो रही हैं और वे जीवन के हर क्षेत्र में, चाहे विज्ञान हो, कला हो या सेना हो, पुरुष समकक्षों से किसी भी मामले में कम नहीं हैं। ये महिलाएं अपने अधिकारों को समझने और उनका उपयोग करने में सक्रिय हैं। वे न केवल शिक्षा और करियर में उन्नति कर रही हैं, बल्कि समाज में बदलाव लाने में भी अग्रणी हैं। विज्ञान, तकनीक, कला, साहित्य, खेल, और यहां तक कि सेना में भी नयी ऊंचाइयों को छू रही हैं। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल उनकी आर्थिक और सामाजिक उन्नति तक सीमित नहीं है; यह एक समग्र विकास है जो समाज में संतुलन और नैतिक मूल्यों को मजबूत करता है। एक सशक्त महिला अपने परिवार और समुदाय के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा स्रोत होती है। वे न केवल अपने लिए, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी बेहतर जीवन की राह तैयार करती हैं।

शिक्षा और करियर में उनकी प्रगति के साथ-साथ, महिलाएं सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनकी उपस्थिति और योगदान न केवल विकास में महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में संतुलन और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है।

एक सशक्त महिला न केवल खुद के लिए, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी बेहतर जीवन की नींव रखती है। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास समाज के हर स्तर पर प्रगति की कुंजी है। महिला सशक्तिकरण एक समग्र विकास है जो समाज में संतुलन और मूल्य आधारित, नैतिक मूल्यों को माननें वाले नागरिक निर्माण मे योगदान देता है।

महिलायें नये अवसरों को अपना रही हैं और अपने सपनों को साकार कर रही हैं। विज्ञान, तकनीक, कला, और साहित्य से लेकर खेल और रक्षा क्षेत्र तक, महिलाएं हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी योग्यता और साहस से भारतीय समाज और भी समृद्ध और विविधतापूर्ण बन रहा है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव हमें यह याद दिलाता है कि हर महिला के अंदर एक असीम शक्ति है जो उसे किसी भी चुनौती का सामना करने और उस पर विजय पाने में सक्षम बनाती है। इस दिन, हम महिलाओं के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को सलाम करते हैं।

इस लेख के माध्यम से, मैं सभी महिलाओं को अपनी शक्ति का अहसास करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित होने की प्रार्थना करती हूं।

हम सभी के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक विशेष अवसर है, जिसमें हम महिला सशक्तिकरण के इतिहास, उनकी उपलब्धियों और आगे के संघर्षों को समझते और मनाते हैं। यह दिन महिलाओं के लिए समानता, स्वतंत्रता, और समाज में उनके अधिकारों की मांग को उजागर करता है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक उन्नति पर बल देने के साथ-साथ, यह उनके विरुद्ध होने वाले भेदभाव और हिंसा के विरोध में भी एक मजबूत संदेश देता है।

भारत में, महिला सशक्तिकरण के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ हैं, लेकिन साथ ही साथ, अनेक सफलता की कहानियां भी हैं। बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में, जहां परंपरागत रूप से महिलाओं को कम सशक्त माना जाता रहा है, वहां भी महिलाओं ने शिक्षा, राजनीति, कला और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अपनी अद्वितीय पहचान बनायी है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उत्सव में, हम उन सभी महिलाओं का सम्मान करते हैं, जिन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से समाज में बदलाव लाने की कोशिश की है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर महिला के अंदर एक असीम शक्ति है, जो उसे किसी भी चुनौती का सामना करने और उस पर विजय पाने में सक्षम बनाती है।

आज, जब हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर खड़े हैं, तो यह अवसर हमें उन महिलाओं के योगदान को याद करने का है, जिन्होंने इतिहास में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। महिला सशक्तिकरण की यात्रा सिर्फ एक दिन के उत्सव तक सीमित नहीं है। यह एक निरंतर प्रक्रिया है, जो समाज में महिलाओं के लिए समान अवसर और अधिकार सुनिश्चित करती है। यह लेख उन महिलाओं के बलिदान और उनकी उपलब्धियों को समर्पित है, जिन्होंने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से समाज में बदलाव लाया है।

हमारे देश में, बहुत सी महिलाएं हैं जिन्होंने अपने क्षेत्रों में असाधारण काम किया है। चाहे वह विज्ञान हो, शिक्षा हो, कला हो या खेल का क्षेत्र, हर जगह महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव हमें यह याद दिलाता है कि हर महिला के अंदर एक असीम शक्ति है, जो उसे किसी भी चुनौती का सामना करने और उस पर विजय पाने में सक्षम बनाती है।


महिला शक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके जीवन के निर्णयों में स्वायत्तता और शक्ति प्रदान करना। यह उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाता है और उन्हें उनके जीवन में अधिक से अधिक सशक्त बनाता है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, जो हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है, महिलाओं के लिए समर्पित एक विशेष दिन है। यह दिन महिलाओं के संघर्षों और उनकी उपलब्धियों को मनाने के लिए है। इस दिन विभिन्न आयोजनों, समारोहों और गतिविधियों के द्वारा महिलाओं की शक्ति और उनके योगदान को सम्मानित किया जाता है। ये देखने योग्य है की स्वयं महिलायें कैसे अपने विरुद्ध होने वाले भेदभाव और हिंसा के खिलाफ संघर्षरत हैं एवं अपने अधिकारों के लिए लड़ रही हैं और समाज में बदलाव ला रही हैं।आज की महिलायें चाहे वो शहरी परिवेश की हों या ग्रामीण, अब ज्यादा से ज्यादा जागरूक हो रहीं हैं। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके जीवन के निर्णयों में स्वायत्तता और शक्ति प्रदान करना, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें और अपने जीवन में सशक्त हों। इस दिन, हम महिलाओं के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को सलाम करते हैं।

**श्रीश्री परमहंस योगानंद और स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी के महासमाधि दिवस पर विशेष**

# अमरत्व के झरोखे से

**डॉ मंजुलता गुप्ता**


श्री श्री स्वामी श्री युक्तेश्वरजी


श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर के प्रेम से सराबोर अनेक महान संतों में से एक गुरु-शिष्य का दिव्य युगल, स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी (गुरु) और श्रीश्री परमहंस योगानंदजी (शिष्य), जिनका महासमाधि दिवस क्रमशः नौ मार्च और सात मार्च को मनाया जाता है, अमरत्व के झरोखे से झांकते हुए इस जगत के ईश्वर प्रेमियों पर दृष्टि बनाये हुए हैं एवं उनका मार्गदर्शन एवं पोषण कर रहे हैं। दोनों ने ही ईश्वर से प्रेम करने के महान लक्ष्य के साथ अपना जीवन जीया और संसार के समक्ष आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर अमर हो गये। श्रीयुक्तेश्वरजी और योगानंदजी का दिव्य मिलन, योगानंदजी का अपने गुरु के आश्रम में दस वर्ष का कठोर प्रशिक्षण तथा संन्यास ग्रहण कर योगानंदजी का बालक मुकुंद से योगानंद में परिवर्तन आदि कहानियों की श्रृंखला 'योगी कथामृत' में, जो कि एक अद्वितीय गौरव ग्रंथ के रूप में संसार भर में प्रसिद्ध है, उपलब्ध है। यह पुस्तक पिछले 75 सालों से भी अधिक समय से सहज और सरल रूप में शाश्वत सत्यों का मंच प्रदान कर इसे पढ़ने वालों में न केवल ईश्वर के प्रति प्रेम उपजाती आयी है, अपितु उनको पाने की ललक जगाती है। अपने प्रिय गुरु के टेलीपैथिक संदेश पर योगानंदजी 1935-36 में अमेरिका से भारत आये। तब अपने शरीर त्याग का अप्रत्यक्ष भान कराते हुए श्रीयुक्तेश्वरजी ने उनसे कहा था, इस संसार में अब मेरा कार्य पूरा हो गया है। अब तुम्हें ही इसे आगे चलाना होगा। योगानंदजी ने दृढ़ संकल्प किया, समस्त मानव जाति में मैं यथाशक्ति इन मुक्तिदायक सत्यों को वितरित करूंगा, जिन्हें मैंने अपने गुरु के चरणों में बैठ कर प्राप्त किया है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने पाठमाला, एक गृह अध्ययन श्रृंखला, जो आजकल के व्यस्त जीवन के लिए पूर्णतया उपयुक्त है, की व्यवस्था की। क्रियायोग ध्यान पद्धति, जिसे ईश्वर प्राप्ति का वायुयान मार्ग बताया जाता है, की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करने हेतु उन्होंने पहले भारत में 1917 में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) तथा 1920 में अमेरिका में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की और इस चुनौती भरे संसार में मानसिक सुख का एक मरुद्यान निर्मित किया।

योगानंदजी ने प्रार्थना की थीः हे प्रभु! मुझे आशीर्वाद दीजिये कि आपका प्रेम मेरी भक्ति की वेदी पर सदा आलोकित रहे और मैं आपके प्रेम को सभी हृदयों में जागृत कर सकूं। और सात मार्च 1952 को योगानंदजी की महासमाधि के दिन उनके शिष्यों ने अनुभव किया कि जो भी उनके कक्ष में प्रवेश करता, गहन दिव्य प्रेम के स्पंदनों को तथा जगन्माता की साक्षात उपस्थिति को अनुभव करता। ऐसा लगता था कि वह पूर्णतया जगन्माता के अधिकार क्षेत्र में हैं और जगन्माता उनकी उपरोक्त प्रार्थना को पूरा कर रही हैं।

योगानंदजी जीवन एवं मृत्यु, दोनों में ही महान योगी थे। उनके देहावसान के कई सप्ताह बाद भी उनका अपरिवर्तित मुख अक्षयता की दिव्य कांति से देदीप्यमान था। फॉरेस्ट लॉन मेमोरियल पार्क, लॉस एंजेलिस के तत्कालिक निदेशक (1952) हैरी टी रोवे ने कहा, बीस दिन बाद भी उनके शरीर में किसी प्रकार की विकृति नहीं दिखाई पड़ी। 27 मार्च को भी उनका शरीर उतना ही ताजा और विकार रहित दिखाई पड़ रहा था, जितना मृत्यु की रात्रि को।

भौतिक शरीर के मृत्यु उपरांत अनंत ब्रह्म की सर्वव्यापकता में निर्बाध रूप से रहने वाले इन दोनों महान संतों की पुण्य स्मृति के दिव्य स्पंदनों में डुबकी लगाकर आज भी इनके आशीर्वाद प्राप्त किये जा सकते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# सरकार की लूटनीति से तंग आकर सत्तारूढ़ पार्टी के नेता भाजपा में हुए शामिल : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** विभिन्न राजनीतिक दल, संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। बुधवार को जामताड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि मोहन मिश्रा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, जिला महासचिव विमल कुमार भैया, महिला जिलाध्यक्ष बेबी पासवान, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह,असलम अंसारी, युवराज सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेका रंजन सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम। जमशेदपुर परिसदन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभी नेता व कार्यकताओं को पार्टी का अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नवागंतुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए राष्ट्रनिर्माण में आगे आकर भाजपा में जुड़ने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा भाजपा में शामिल होने से जामताड़ा ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी। यह सभी दायित्वों में थे। इनके पीछे कई कार्यकर्तायें हैं उन सभी कार्यकर्ताओं का योगदान भी जामताड़ा में सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा झारखंड में जिनकी सरकार है उस पार्टी के लोग, पार्टी की नीतियों एवं कार्यसंस्कृति से क्षुब्ध होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर कृतसंकल्पित हैं।

# जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन, शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री और पोटका विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**जमशेदपुर।** साकची रविंद्र भवन सभागार में जिला स्तरीय सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 से 60 वर्ष के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान व आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को समारोह में मुख्य अथिति मंत्री बन्ना गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार, सम्मानित अथिति डीसी अनन्य मित्तल सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी शामिल हुए। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने बटन दबाकर ऑनलाइन 19719 नवचयनित पेंशनधारियों के बैंक खाते में फरवरी और मार्च माह की पहला पेंशन राशि 3 करोड़ 94 लाख 38 हजार डीबीटी की। साथ ही मंत्री व विधायक के द्वारा सांकेतिक रूप से 5 पेंशनधारियों को मंच पर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अतिथियों ने एक लाभुक को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, 03 दिव्यांगजनों श्रवण यंत्र व 3 को ट्राईसाइकिल,2 को बैशाखी, 2 ब्लाइंड को स्टीक,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 03 लाभुक को प्रोत्साहन राशि, नवजात बच्चों को अन्न प्रासन्न व माताओं की गोदभराई स्वरूप उपहार, प्रदान किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग से राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के तहत पांच लाभुकों को 20-20 हजार का चेक सौपा। साथ ही जमशेदपुर प्रखंड के 2 सेविका व 2 सहायिका को चयन पत्र सौपा। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के हित में कई कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना में परिवर्तन करते हुए अब 50 से 60 आयु वर्ष की सभी महिलाओं, अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरूषों को लाभ दी जा रही है। राज्य सरकार सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्दि योजना व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत छात्राओं के शिक्षा को बढ़ावा, महिलाओं को सबल व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। डीसी अनन्य मित्तल ने कहा 50 से 60 वर्ष के पेंशनधारियों को चिन्हित करने में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में पहले स्थान पर है। लगभग 35 हजार आवेदन अभियान के तहत प्राप्त किया गया। अब तक 24 हजार आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री कर 19719 पेंशनधारियों को दो महीने की पेंशन राशि उपलब्ध कराया गया। उन्होंने अभियान के सफल संचालन में सेविका व सहायिका के कार्यों का सरहाना की। कहा ग्राउंड लेवल पर इमानदारी से प्रयास करने पर अभियान में जिला पूरे राज्य में अव्वल रहा। आगे भी अन्य दायित्वों में सामूहिक प्रयास की अपेक्षा है। ताकि जिला अन्य सभी इंडिकेटर में भी अग्रणी रहे। डीडीसी ने कहा पेंशनधारियों को चिन्हित करने के कार्य मिशन मोड में संचालित किया गया। आगे भी लोगों को चिन्हित कर योजना से लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री व अतिथियों ने आयोजन स्थल पर सभी स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर डीडीसी मनीष कुमार,पी.डी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीओ पीयूष सिन्हा,जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिला परिषद सदस्य परितोष सिंह, प्रखंड प्रमुख,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्रीमती नेहा संजना खलखो समेत अन्य जनप्रतिनिधि व जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे।

## आजसू की बैठक में संगठन के विस्तार व प्रशिक्षण में भागीदारी को लेकर हुई चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर बुधवार को डाक बंगला में पार्टी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने की। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विस प्रभारी सह केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह के अलावा केंद्रीय सचिव सह प्रखंड प्रभारी मनीष नाथ बॉबी भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से 11 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों के प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जयपाल सिंह ने अनगड़ा के प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, सभी पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारी, सदस्य, महिला नेत्री आदि को पार्टी का विस्तार करने और गांव के ग्राम प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में 10 घर पर एक चूल्हा प्रमुख नियुक्त करने का निर्देश दिया। कहा कि 11 मार्च को होने वाले रांची लोकसभा स्तरीय प्रशिक्षण के सफल आयोजन की मेजबानी का मौका अनगड़ा प्रखंड को मिल रहा है। ऐसे में इस प्रखंड की भागीदारी निश्चित तौर पर भारी तादात में होनी चाहिए। ताकि पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र से आने वाले आजसू पार्टी के पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त हो सके। वहीं, बैठक का संचालन धर्मेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी ने किया। बैठक में केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह, राजेंद्र शाही मुण्डा, सदस्य वीरेंद्र सिंह भोक्ता, उमेश कुमार महतो, त्रिलोचन महतो, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति वीणा देवी, जिला सह सचिव राजेश पहान, अजित महतो, प्रेम कुमार, किशुन महतो, अंनुज केशरी, अर्जुन राम, सुनील करमाली, भुवनेश्वर बेदिया, जगदीश भोक्ता, महावीर महतो, पारसनाथ महतो, अजीत महतो, संजय कुमार, विपिन मुण्डा, सुरेश मुण्डा, रोहित गंझू, कृष्ण कन्हैया, कुमार केशरी, अनील कुमार मुण्डा, बासुदेव गोस्वामी, किशुन महतो, अंनुज महतो, योगेंद्र महतो, बेबी देवी, गीता देवी, अनीता देवी, सविता देवी, लक्खीमणी देवी आदि थे।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी गयी विदाई



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में समारोह आयोजित कर निवर्तमान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केशरी को विदाई दी गई। बतातें चलें कि सुनील केशरी का कार्यकाल 29 फरवरी को ही समाप्त हो चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सलीम सहाय तिग्गा ने की। इस अवसर पर सुनील केशरी को गुलदस्ता व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें तुलसीदास कृत रामायण भेट किया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सुनील केशरी स्वच्छ छवि और कार्य कुशलता के लिए शिक्षा विभाग में अपनी अलग पहचान बनाए। वहीं, सेवानिवृत बीइओ ने कहा कि अपने सेवाकाल में स्वस्थ रहकर सेवानिवृत होना बड़ी बात है। उन्होंने लापुंग में अगस्त 2022 से सेवा में बीइओ व एरिया अफसर के पद पर लापुंग के अलावे इटकी व बेडो प्रखंड पर कार्यरत रहे हैं। मंच संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर अरुण कुमार नायक, जुबैर अंसारी, उपेंद्र सिंह, हफिंद्र प्रधान, संजय सिंह, अगस्टिन लकड़ा, अजय कुमार साहू, प्रकाशउरांव, दिलीप कुमार सिंह, भुवंजय साहू, सोमर साहू, सागेन होरो, संगीता कुमारी, जयश्री देवी व सुचिता लकड़ा आदि थे।

## स्कूल में शौचालय बनने से छात्राओं में खुशी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत अंतर्गत हरहंजी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष भीम गोप की देखरेख में बुधवार को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शौचालय की ढलाई कराई गई। स्कूल में शौचालय नहीं होने से छात्र-छत्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए स्कूल परिसर में शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। इससे खासकर छात्राओं ने राहत की सांस ली है।

## करकारी पंचायत भवन का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बीडीओ संग्राम मुर्मू के निर्देश पर अनुसार नरकोपी स्थित थाना परिसर में करकारी पंचायत के लिए भवन का उद्घाटन मुखिया सरिता एक्का और पंसस मकबूल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया ने कहा की पंचायत सचिवालय व्यवस्थित हो जाने से अब लोगों को काफी सुविधा होगी। पंचायत के कर्मियों को भी स्थाई रूप से कार्य करने की व्यवस्थित जगह मिल जाएगी। वहीं, मकबूल अंसारी ने बताया कि पंचायत भवन नहीं होने से काफी दिनों से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अभी समस्या का समाधान हो गया है। मौके पर सुदर्शन प्रसादगुप्ता, कंचन सिंह, ग्राम प्रधान बिहारी उरांव, लाभुक समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सचिन चारों उरांव, समाजसेवी एक राम अंसारी, वाहिद अंसारी, राबूल अंसारी, अमिता लाल, फूलों कछाप, मंजुला कुमारी, ज्योति कुमारी, सावित्री कुमारी और एएनएम सहित कई लोग मौजूद थे।

## सभी मध्य विद्यालयों में शुरू किया जायेगा एफएलएन आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट के तहत कर्रा प्रखंड के 54 मध्य विद्यालयों में कक्षा छह से आठ के छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से एफएलएन आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। डीसी लोकेश मिश्रा और अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशन पर कर्रा प्रखण्ड के सभी मध्य विद्यालयों में तीन माह तक उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्ण किया गया। इसके अन्तर्गत बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी और गणित की बुनियादी जानकारी दी गई, जिसका साकारात्मक प्रभाव बच्चों में देखने का मिला।

### तीन सड़कों की मरम्मत कार्य का शिल्पी नेता तिर्की ने किया उद्घाटन

# विकास की पहचान होती है अच्छी सड़कें: मांडर विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के खुखरा पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत चट्टी खुखरा रोड से बिल्टी व बेड़ो चट्टी रोड से रतन टोली, पांडेपारा खूंटी टोली और दिघिया पंचायत के घाघरा चट्टी रोड से दिघिया अंबाटोली जाने वाली तीन सड़कों के मरम्मती कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को शिलापट्ट का अनावरण करके किया। लगे हाथ तीनों स्थलों पर दो-दो पौधों का रोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए अच्छी सड़कों का होना अति आवश्यक है। अच्छी सड़कें क्षेत्र के विकास की पहचान होती है। यह तीनों सड़कें काफी जर्जर अवस्था में थी। लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हम क्षेत्र के चहुमुंखी विकास को लेकर कृतसंकल्पित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसी बुनियादी जरूरत की चीजें हमारी प्राथमिकता में शामिल है। हम क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्तर पर पूरी ईमानदारी एवं लगन से प्रयास कर रही हूं। हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। हमारा उद्देश्य गांव और शहर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। मौके पर एसडीओ मनीष कुमार, जेई सत्येंद्र कुमार, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का उप प्रमुख मोदासीर हक, करमा उरांव, सिल्वेस्टर कच्छप, मुमताज खान, मो शोएब, मो फहीम, शंभु बैठा, क्यूम अंसारी, भीखू उरांव, प्रकाश सहित गांव के ग्रामीण मौजूद थे।



शिलान्यास के अवसर पर उपस्थित विधायक शिल्पी नेता तिर्की व ग्रामीण।

# नामकुम के हुड़वा में 5.51 करोड़ की लागत से बनेगी पांच किमी लंबी सड़क

### खिजरी विधायक ने रखी निर्माण कार्य की आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** वर्षों की मांगों को पूरा करते हुए खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर बुधवार को नामकुम प्रखंड के हुड़वा पंचायत में भंडार टोली से दो सिमाना एवं राईटोली भाया हुड़वा रिची पहाड़ तक 5.175 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य की आधारशिला बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रखी। उक्त सड़क के निर्माण पर कुल पांच करोड़ 51 लाख 99 हजार 700 रुपये आएगी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हमने चुनाव के समय सभी ग्रामीणों से वादा किया था कि इस पथ को बनावाएंगें। बता दें कि 1988 में ग्रेड 1 हुआ था। उसके बाद 35 सालों बाद खिजरी विधायक की अनुशंसा पर स्वीकृत होकर उक्त सड़क बन रहा है। सड़क निर्माण की आधारशिला रखे जाने से ग्रामीण काफी खुश हैं। मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो, मुखिया शिवचरण कच्छप, पंसस कल्याण लिण्डा, मुखिया डुगरी जीता कच्छप, विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, चम्पा टोप्पो, करण मुण्डा, अन्ना ज्योति होरो, माधो कच्छप, सुनील उरांव, प्रदीप तिर्की, चमरा भोगता, पालहो देवी, सुचिता टोप्पो, संजू टोपनो, माईकल लिण्डा, भीम पहान, सिरका पहान, सोमरा पहान, मंजू लिंडा आदि थे।



सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखते खिजरी विधायक राजेश कच्छप।

# बैठक कर ग्रामीणों ने प्रशासन से की शराब बंदी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुडमू।** गांव में बढ़ते नशे के चलन व महिलाओं से कटुक्ति को लेकर बुधवार को बाड़े गांव में स्थित महिला क्लब में ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता आशा देवी ने की। बैठक में मुख्य आतिथि के रूप में आलोका कुजूर भी शामिल हुईं। इस दौरान बाड़े गांव में शराब के नशे का शिकार हो रहे गांव के लोगों को लेकर चिंता जाहिर करते हुए चर्चा की गई। कहा गया कि नशेड़ियों ने गांव की महिलाएं बेहद परेशान हैं। सभी ने एक सूर में पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस गांव में शराब पर पूर्ण रूप से पाबंदी लदा दी जाए। आरोप लगाया कि मंगल और संडे बाजार में सरेआम अवैध शराब की बिक्री होती है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। निर्णय लिया गया कि अब शराबबंदी को लेकर आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगानी ही होगी। वहीं, द्रौपदी देवी ने कहा कि राशन कार्ड में कई परिवार का नाम छुटा हुआ है उसे जोड़ने के लिए महिला कल्ब की ओर से पत्र लिखा जाएगा। साथ ही गांव में हाई स्कूल की मांग को लेकर डीसी और सरकार को पत्र लिखा जाएगा। किरण देवी ने कहा कि सरकारी की सभी योजनाओं को अब महिला कल्ब के माध्यम से पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। रबीना खातून ने कहा कि गांव में पीएचसी नहीं है। शहर जाने के लिए सरकारी बस की भी व्यवस्था नहीं हैं, जिससे महिलाओं को गांव से शहर काम पर जाने और वापसी में परेशानी होती है। सरकार इसकी व्यवस्था करें। इस मौके पर चैपटी देवी, सुरनी देवी, जानकी देवी, सीवानी देवी, लगारी देवी, समीत्रा देवी, नीलम देवी, मीलु देवी, सरीता देवी, बुधनी देवी, अनिता देवी, प्रमीला देवी, मुनी देवी, सावीजी देवी, मायादेवी, बिना देवी, रीना देवी, उमनी देवी, मालती देवी, सुनिता देवी, सजादा खातुन, रेहाना खातुन आदि उपस्थित थीं।



# पंचायत का विकास मेरी पहली प्राथमिकता में

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** 15वें वित्तीय राशि से ओरमांझी पंचायत के नकवा टोली में गंवा देवती स्थल पर बुधवार को सीढ़ी और चबूतरा के निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया दीपक बड़ाइक ने किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि मेरा एक ही उद्देश्य है अपने पंचायत का विकास करना। इस मौके पर उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, वार्ड सदस्य बालो अनिता देवी, देवी ग्राम प्रधान बीपत पहन, दीनदयाल लोहार मुंडा, कामेश्वर महतो, गणेश महतो, राजेंद्र गोप, आनंद महतो, दीपा चौरसिया, किरण देवी, प्रीति कुमारी, कार्तिक मुंडा और उपेंद्र पहन आदि उपस्थित थे।




### बेहतर काम करनेवाले आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को किया गया सम्मानित

# खूंटी के जर्जर आंगनबाड़ी केंदों के लिए कराया जायेगा पक्के भवन का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाज कल्याण शाखा के तत्वावधान में आदर्श बालिका विद्यालय सभागार में बुधवार को सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष आयु वर्ग के लाभुकों को प्रथम किस्त और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डीसी लोकेश मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीसी ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए पूर्व में जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया था। शिविर में प्राप्त आवेदनों के आलोक में जिला प्रशासन की कार्रवाई आरंभ है। आज से जिले में पोषण माह का शुरूआत किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिले की सहायिका एवं सेविकाएं अच्छा काम कर रही हैं। अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं एवं सहायिकाओं को राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को मिले, यह सुनिश्चित करना होगा। डीसी ने कहा कि जिले के जर्जर हो गये आंगनबाड़ी केंदों के लिए पक्का भवन का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के पोषण से संबंधित सभी आयामों पर कार्य करने की योजना बना रहा है। डीसी ने बताया कि सरकार द्वारा टेलीमेडिसिन की शुरूआत की गई है। गांव के कुपोषित बच्चों एवं बुजुर्गों की पहचान कर कुपोषण को कैसे दूर किया जाय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेविका एवं सहायिका के सहयोग के बगैर कुपोषण मुक्त गांव की कल्पना संभव नहीं है। इस दौरान नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहायिका एवं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




### महत्वपूर्ण न्यूज

## 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सरसा राजकीय उत्क्रमितउच्च विद्यालय में कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विद्यालय के प्रधान शिक्षक बहादुर उरांव ने बताया कि शिक्षा मनुष्य का अनमोल धन है। शिक्षा के बिना इंसान पशु के समान है। मौके पर प्रधान अध्यापक बहादुर उरांव, शिक्षक मार्शल खलखो, अजय मुंडा, राजीव रंजन, वीरेंद्र, केरकेट्टा सुनील नायक, सुजीत लाल सहदेव, लूसिया केरकेट्टा, विजय तिर्की, राकेश कुमार, राजेशसिंह, राजकुमार नायक, संध्या कुमारी, सुषमा गौरोती धान एवं जेवियर तिरु ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं व उपहार दिया। वहीं, कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

## रांची में 11 को होनेवाली रैली को लेकर आजसू की बैठक

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के पूर्वी पंचायत सचिवालय प्रागंण में बुधवार को आजसू की बैठक मो समीम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आजसू की 11 मार्च को आयोजित रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं, पार्टी के निति सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र में आजसू को और मजबूत बनाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में प्रखंड प्रभारी आजम अंसारी, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, कमलू साहू, चिंटू मिश्रा विरू उरांव, मोहसीन मुमताज सहित पंचायत के पिलर मेंबर, पंचायत प्रभारी और चूल्हा प्रमुख शामिल थे।

## ट्रक मालिकों व डीओ लिफ्टरों की बैठक में पूर्व निर्धारित भाड़ा को फरवरी महीने से ही लागू करने का निर्णय

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयांटांड़ चार नंबर कांटा घर के समक्ष पिपरवार क्षेत्र के ट्रक मालिकों और डीओ होल्डर व लिफ्टरो की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महेंद्र गंझु और संचालन अमर कुमार महतो ने किया। बैठक में भाड़ा संबंधित बातों पर चर्चा की गई। बैठक में नगद एंव तय भाड़ा ऑनरो को भुगतान करने, विस्थापित और रैयत ग्रामीणों के ट्रक को पहले प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व में निर्धारित किए गए भाड़ा को 19 फरवरी को हुए बिडिंग से लागू करने पर सहमति बनी। पूर्व निर्धारित भाड़ा भुगतान पर उपस्थित डीओ,होल्डर एवं लिफ्टरो ने भी अपनी सहमति दी। बैठक में होली को लेकर 10 मार्च को दामोदर नदी तट पर होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया,जिसमे ट्रक ऑनर, डिओ होल्डर एवं लिफ्टर शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र गंझु, अर्जुन गंझु,विजय महतो, अमर महतो,श्रवण महतो, प्रेम ठाकुर, इदरीस अंसारी,लियाकत अंसारी, रामबालक गंझु, दिलीप गंझु, प्रदीप महतो, अरशद अंसारी, राजेश सिंह, आरपी सिंह, सनोज चौहान, जमीर अंसारी, विजय गंझु, सदीक अंसारी, राजीव सिंह, पच्चु गंझु, गणेश गंझु, बासुदेव कुमार, विकाश महतो आदि मौजूद थे।

## बेहतर कार्य के लिए मुखिया पुतुल देवी सम्मानित




**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मुखिया पुतुल देवी को विकाश भारती के सचिव पद्मश्री डॉ अशोक भगत द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुखिया पुतुल देवी को फूलो झानो दीदी सम्मान से सम्मानित किया गया है। सम्मान मिलने पर लपरा पंचायत के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एसीसी सेवानिवृत्त कामगार संघ की बैठक में बनायी गयी आगे के आंदोलन की रणनीति

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एसीसी कल्ब मैदान में बुधवार को एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ की बैठक हुई। बैठक में सेवानिवृत कामगार व उनके आश्रित शामिल हुए। बैठक में सेवानिवृत कामगारों ने आंदोलन के आगे की रणनीति पर विशेष रूप से चर्चा किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों सहित प्रधानमंत्री और इडी को भी पत्र देने की बात कही गई। बैठक में कहा कि खलारी सिमेंट फैक्ट्री प्रबंधन एसीसी की जमीन की लीज समाप्ति के 34 वर्ष बाद यहां रह रहे सेवानिवृत कामगारों को बेघर करने पर तुली है। कहा कि फैक्ट्री मालिक संजय रूंगटा का अधिकार जमीन से खत्म हो गया है लेकिन पैसे के बल पर वह सेवानिवृत कामगार पर हावी होकर आसियाना छिनना चाहता है। मांग की कि एसीसी लीज समाप्ति के बाद उक्त भूमि पर बसे सेवानिवृत कामगारों व उनके आश्रितों के आषियाना को छिनने से रोकते हुए उनके नाम जमीन का बंदोबस्ती करने या लीज देने का काम करें। अंत में उपस्थित लोगों ने एकजुट रहने का संकल्प लिया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1226 Dated 26.02.2024, I BHUNESHWAR NAYAK S/O SAWNA NAYAK aged about 54 Years, by faith- Hindu, by occupation Labour, by Nationality Indian, R/o Village- Sarubera, Near Shiv Mandir, P.O.- Sarubera, P.S.- Mandu, District- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under: - 1. That my actual and correct name is BIHUNESHWAR NAYAK which has been mentioned in my Aadhar card bearing no. 6456 1734 0685 and Pan Card bearing no DAGPN2778M.
2. That in my Bank Passbook of Bank of India Branch- Ara Sarubera, bearing A/c No. 486918210000847 my name has been mention as BHUNESHWAR DHASI. 3. That BHUNESHWAR NAYAK and BHUNESHWAR DHASI both aforesaid name's are same and single person i.e. myself
4. That this affidavit is required for rectify and mentionmy correct name as BHUNESHWAR NAYAK in place of BIHUNESHWAR DHASI in my aforesaid bank account.
5. That above mentioned contents are true and correct.

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका: डीसी

# 50-60 वर्ष के 4451 नये पेंशनधारी लाभुकों के खाते में 89.2 लाख ट्रांसफर

**28 सेविका व 28 सहायिका को किया गया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान व सर्वजन पेंशन योजना के तहत नये लाभुकों के प्रथम भुगतान से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को टाउन हॉल में हुआ। जिसका उद्घाटन डीसी शशि रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये पेंशनधारियों के 4451 लाभुकों के बीच कुल 89 लाख दो हजार रुपये प्रथम किस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर किया गया। डीसी ने टाउन हॉल में कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। साथ ही राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना के अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हजार रुपये की दर से कुल 17 लाख 20 हजार रुपए का भुगतान भी किया गया।

### विभिन्न योजनाओं से लाभुकों हुए लाभान्वित

टाउन हॉल में 10 नवचयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ मिला। कुल 28 सेविका व 28 सहायिका को सम्मानित किया गया। इसके अलावे गर्भवती महिलाओं का गोदभराई की गई। बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। डीसी ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड जीरो पर कुल सेविका 28 सहायिका तैनात रहती है वो अपने परिवार का ध्यान रखते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान देती है। यह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने जाते है वहां उनका ख्याल आंगनबाड़ी सेविकाएं ही रखती हैं। बच्चे के भविष्य को संवारने में अपना योगदान देती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी की तरह है। आगामी निर्वाचन कार्यो में भी आपकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने मोबाइल में वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया। इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि इस मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है जिसका उदाहरण आप मंच पर भी देख सकते हैं जहां जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु व जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मार्डी बैठीं हैं।

उधर, टाउन हॉल में समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल का डीसी ने अवलोकन किया। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,समेत बड़ी संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थे। गौरतलब हो कि उपरोक्त विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ रांची में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया जिसके बाद मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# भाजपा आलाकमान की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा : विष्णुदयाल राम

## टिकट मिलने पर झारखंड पहुंचे पलामू सांसद का हुआ स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सांसद विष्णुदयाल राम का स्वागत करते समर्थक।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम को भाजपा ने लगातार तीसरी बार लोकसभा का टिकट दिया है। टिकट मिलने के बाद सांसद बुधवार को झारखंड पहुंचे। जहां रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, वीडी राम ने पार्टी प्रत्यासी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरते हुए पलामू लोकसभा सीट को भारी अंतर से जीत कर प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अहम भूमिका निभाऊंगा। सांसद के विश्रामपुर प्रतिनिधि सह युवा भाजपा नेता अनुज कुमार पांडेय ने वीडी राम को उम्मीदवार घोषित किए जाने पर प्रधानमंत्री सहित सभी आला नेताओं का आभार व्यक्त किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, सतबरवा प्रतिनिधि मनीष प्रसाद, बिश्रामपुर प्रतिनिधि अनुज पांडेय, जिला सामनयक संजय गुप्ता और मीडिया प्रभारी धीरज जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**विश्रामपुर/पलामू।** बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय के कर्मियों की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवक के साथ मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली। जिसकी शुरूआत कॉलेज परिसर से हुई। रैली बीमोड़, डंडीला सहित कई जगहों का भ्रमण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि आम लोगों के मतदान से ही देश में मजबूत सरकार बनती है। जो देश को प्रगति की राह पर अग्रसर करती है। मतदाताओं का वोट किसी पार्टी के लिए नहीं देश के लिए होता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवकों, कालेज कर्मियों और छात्र-छात्राओं को मतदान करने की शपथ भी दिलवायी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राकेश शुक्ला ने किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, रंजन दूबे, कृष्ण कुमार चौबे, टीपी तिवारी, अजय ओझा, डॉ श्याम मिश्रा, रामजी चौबे, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम निशा, प्रधान सहायक अमित कुमार, सुनील कुमार, सुधीर यादव, राधिका नमन, मधु ओझा, दिलीप कुमार चौबे और नरेंद्र मिश्रा आदि मौजूद थे।

## कालापहाड़ पंचायत में मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कलापहाड़ पंचायत के अति शूद्रवर्ती ग्राम मड़दाग में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मुखिया अनिमा कुमारी ने किया। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मौके पर समाजसेवी प्रमोद कुमार यादव, वार्ड सदस्य बिरजू यादव, शिक्षक विष्णुदेव राम, बसंत राम, सेविका सहायिका सहित ग्रामीण जनता भी उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की सफलता को लेकर भाजपा की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के सेमिनार हॉल में भाजपा की एक बैठक हुई। बैठक में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवाशी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की महिलाओं को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। महिलाओं के उत्थान और उन्हें स्वाल्मबी बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। जिससे देश की महिलाएं सशक्त हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी का ऑनलाइन कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी,संतोष कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आशुतोष धाम परिसर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी हो गई है। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम मंदिर, बाबा विश्वनाथ भास्कर मंदिर, श्रीचारधाम मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ पर स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर, बराही धाम, ऊपरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, देवरी व देवरी खुर्द शिव मंदिर, मंगलडीह शिव मंदिर आदि क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम मंदिर परिसर में गुरुवार से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू होगा। जपला रेलवे परिसर स्थित आशुतोष धाम में गुरुवार को ही पुरोहितों द्वारा राधा-कृष्ण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होगा।

## 60 मरीजों को इलाज के साथ दी गयी मुफ्त दवाइयां



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में आयोजित चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में बुधवार को 60 मरीजों को जांच कर मुफ्त दवा दी गई। उक्त शिविर में आयुष पद्धति से उपचार व जांच की जा रही है। इस अवसर पर आयुष सीएचओ डॉ गजाला नॉशी ने बताया कि यह शिविर 4 फरवरी से चल रहा है, सिका समापन गुरुवार को होगा। अब तक करीब 200 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवा दी जा चुकी है। वहीं डॉ सत्यम सौरभ ने बताया कि आयुष प्रणाली निवारक देखभाल में भी बहुत फायदेमंद है। यह विषहरण, शुद्धिकरण और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने पर केंद्रीत है। इन फायदों के साथ वैकल्पिक उपचारों को आजमाने के प्रति अधिक इच्छुक हैं। मौके पर एएनएम सरिता कुमारी, नीलम किमारी, योग प्रशिक्षक ललन कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, 12 बाइक जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को हरिहरगंज थाना के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 98 अंतर राज्यीय चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क से होकर गुजरने वाले दोपहिया वाहनों के कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की जांच की गयी। जांच का नेतृत्व कर रहे पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने के आरोप में 12 बाइक जब्त कर फाइन के लिए न्यायालय में प्रतिवेदन भेज दिया गया है। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर ही चलने का निर्देश दिया। अभियान में एएसआई दवेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## इस्लाम दुनिया को देता है आपसी भाइचारा और शांति का पैगाम : मौलाना मंजर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में सयाहे ला मक्का कॉन्फ्रेंस व दस्तार बंदी का आयोजन हुआ। जलसा का उद्घाटन समाजसेवी शेर अली, पत्रकार सैयद नौशाद, सैयद मशरुर अहमद, गयासुद्दीन सिद्धिकी, सुहैल आलम और मौलाना हसन फैजी ने संयुक्त रूप से किया। जलसे में झारखंड, बिहार और उतर प्रदेश के दर्जनों उलमा-ए-कराम शामिल हुए। जलसे की अध्यक्षता हाफिज खुर्शिद अनवर नूरी और संचालन हाफिज लाल मोहम्मद ने किया। अपने संबोधन में मौलाना सैयद मंजर हुसैन ने कहा की जो लोग अल्लाह से लौ लगाते है कामयाबी उनकी कदम चूमती है। इस्लाम दुनिया को अमन चैन व भाईचारगी का संदेश देता है। कहा कि आज के दौर में लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहें है, लेकिन शिक्षा के साथ ही दीन तालीम भी हासिल करने की जरूरत है। वहीं, समाजसेवी शेर अली ने कहा की आने वाले समय में मदरसा खैरुल इस्लाम में पढ़ने वाले बच्चों को दीनी तालीम के साथ ही अन्य शिक्षा भी दी जाएगी। मदरसा कमेटी के साथ सभी लोगों को भी आगे आना होगा। मौके पर हजरत हुसैन मोबारक, अमार अशरफ, जमशेद रजा, फिरोज आलम नूरी, कलीम नूरी, फिरोज सिद्दीकी, आमीन खान, डॉक्टर एजाज आलम, डॉक्टर नादिर रिजवी, हाजी अब्दुल मजीद कादरी, मेराज सिद्धिकी, सुहैल सिद्धिकी, साकिर अली, सद्दाम कादरी, हलीम अंसारी, जुल्फिकार अली, डॉक्टर यूसुफ, फरीद खान, शमशेर आलम, इम्तियाज आलम व अशद हुसैन आदि थे।

## मनातू में खुला फेड फार्मर का कार्यालय



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड क्षेत्र के बंशी मोड़ के समीप बुधवार को फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय का उद्घाटन जिप सदस्य प्रदीप चावला, मनातू प्रखंड प्रमुख गीता देवी, बंसी के पूर्व मुखिया उदय सिंह, मुखिया अनुज प्रसाद, मुखिया बंधु भुईया, विधायक प्रतिनिधि उदेश कुमार यादव और निदेशक अमरेश कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व मुखिया ने कहा कि किसान उत्पादक संगठन से जुड़ कर बीज, खाद मशीनरी, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक और तकनीकी सहायता ले सकते हैं। वहीं, प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने कहा कि एफपीओ किसान के लिए वरदान साबित होगा। कृषि कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने से प्रेरणा मिलती हैं। निदेशक अमरेश रंजन ने बताया कि किसान उत्पादक संगठन लघु व सीमांत किसानों को एक साथ लाने का काम कर रहा है।

# स्पोर्ट्स

**पेरिस ओलिंपिक 2024 के हॉकी टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी हो गया है। बुधवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल के अध्यक्ष थामक बाक ने इसकी घोषणा की। हॉकी टूर्नामेंट 27 जुलाई से शुरू होने जा रहा है।**

## इंडिया-इंग्लैंड पांचवां टेस्ट आज से, बुमराह की वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला गुरुवार से खेला जाएगा। मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में सुबह 9.30 बजे से होगा। टॉस सुबह 9 बजे होगा। रांची टेस्ट जीतने के बाद भारतीय टीम 3-1 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर चुकी है। वहीं, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस मैच में वापसी करेंगे। उन्हें चौथे टेस्ट में आराम दिया गया था। जबकि सीरीज में फेल रहे रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डिकल को डेब्यू का मौका मिल सकता है। बतातें चलें कि हेड टू हेड में इंग्लैंड आगे है। दोनों टीमों के बीच अब तक 135 टेस्ट मैच हुए हैं, जिसमें से भारत ने 34 और इंग्लैंड ने 51 जीते हैं। हालांकि भारत में दोनों टीमों के बीच हुए 68 टेस्ट मैचों में भारत ने 25 जीते, 15 हारे और 28 ड्रॉ रहे।

### यशस्वी टॉप स्कोरर

भारत ने हैदराबाद में टेस्ट सीरीज का पहला मैच हारने के बाद शानदार वापसी की है। विशाखापट्टनम में नजदीकी मुकाबले में जीतने के बाद टीम ने राजकोट में एकतरफा मुकाबले में 106 रन से जीत हासिल की। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल टॉप रन स्कोरर हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह टीम के टॉप विकेटटेकर हैं।

## पहले दिन हॉकी इंडिया पुरुष टीम का मैच न्यूजीलैंड से

# पेरिस ओलिंपिक 2024 के हॉकी टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी, 27 जुलाई से शुभारंभ



**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक 2024 के हॉकी टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी हो गया है। बुधवार को इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल के प्रेसिडेंट थामस बाक ने जारी किया। 26 जुलाई से शुरू हो रहे गेम्स में हॉकी टूर्नामेंट 27 जुलाई से शुरू होगा, जो नौ अगस्त तक चलेगा। हॉकी टूर्नामेंट में 12 पुरुष और 12 महिला टीमें हिस्सा लेंगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारतीय महिला टीम रांची में आयोजित क्वालिफायर में गेम्स के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है।

### भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया

**भारतीय टीम को टूनार्मेंट के पूल बी में रखा गया है। टीम इंडिया के साथ बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के साथ रखा गया है। जबकि पूल ए में नीदरलैंड, स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और साउथ अफ्रीका हैं। ग्रुप स्टेज में टीमें एक-दूसरे से एक बार मुकाबला करेंगी। हर पूल से टॉप-4 टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। पेरिस-2024 ओलिंपिक हॉकी मेडल राउंड मैच 8 अगस्त को तय किए गए हैं।**

### 8 अगस्त को फाइनल

हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच 8 अगस्त को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने पिछली बार ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल जीता था। तब भारत ने 41 साल बाद हॉकी का मेडल जीता था। भारतीय टीम ओलिंपिक गेम्स में 8 बार की चैंपियन हे।

### पेट्रोलियम एसोसिएशन को वित्त मंत्री का मिला भरोसा

# बिहार की तरह झारखंड में भी बिक्री कर विभाग से मिलेगी मुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से रांची में मिला। अपनी परेशानियों से उन्हें अवगत कराया। संगठन की मांग थी कि उन्हें बिक्री कर विभाग को रिटर्न देना पड़ता है और इसका असेसमेंट भी कराना पड़ता है। जबकि उनके आइटम टैक्स पैड होते हैं। इससे पंप संचालकों को अलग परेशानी होती है। लुब्रिकेंट जीएसटी के दायरे में होते हैं और इसका रिटर्न पंप मालिक भरते है। पंप मालिकों से ऋ्र्रळ के अलावा बिक्री कर का भी रिटर्न भरवाया जाता है। एसोसिएशन के इस बात को वित्त मंत्री ने गंभीरता से लिया और जब उन्हें यह बताया गया कि बगल के बिहार ने कैबिनेट से इस आदेश को बदल दिया है। और पेट्रोल पंप मालिकों को सेल टैक्स से मुक्त कर दिया है तो वित्त मंत्री ने भी भरोसा दिया है कि इसकी पहल झारखंड में भी शुरू होगी और इस संबंध में उन्होंने संबंधित



अधिकारियों से बात भी की। वित्त मंत्री से पंप मालिकों की यह शिकायत थी कि सरकारी स्तर पर उनसे तेल तो लिए जाते हैं, लेकिन ना करेंट राशि का भुगतान समय पर किया जाता है और न हीं बकाया राशि का भुगतान किया जाता है। इस पर वित्त मंत्री ने आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि सरकार के स्तर पर तो सभी जिलों को उनके डिमांड के अनुसार पैसा भेजा जा रहा है, फिर भुगतान क्यों नहीं हो रहा है। इसके लिए उन्होंने संगठन से कहा कि वह अब तक बकाया की सूची उपलब्ध कराए.भुगतान उन्हें हर हाल में समय पर किया जाएगा। वैट का भी मुद्दा उठा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। डाटा खंगाले जा रहे हैं। संगठन का कहना है कि झारखंड में जब रघुवर दास की सरकार थी तो 24 फरवरी 2015 से वैट को बढ़ाकर 22 परसेंट कर दिया गया। जिसका नुकसान राज्य की जनता ,पंप के मालिक और खुद राज्य सरकार भी उठा रही है। राज्य सरकार कैसे उठा रही है, इसे वित्त मंत्री को आंकड़े में बताया गया। वैसे पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में झारखंड में डीजल की बिक्री में 9% की कमी आई है। इस वजह से सरकार भी थोड़ी गंभीर है.पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का दावा है कि अगर झारखंड में वैट 17% कर दिया जाए, तो बिक्री इतनी अधिक बढ़ जाएगी कि सरकार को राजस्व में भारी वृद्धि हो सकती है। संगठन इसकी गारंटी लेने को तैयार है। एसोसिएशन का कहना है कि अगर वैट में कमी हुई तो बड़े कंज्यूमर,आउट सोर्स कंपनिया ,जो मुगलसराय और बंगाल से लगभग 26000 किलो लीटर प्रति महीने तेल लाती हैं,झारखंड से खरीदने लगेंगी.इससे झारखंड की बिक्री में अप्रत्याशित वृद्धि होगी और सरकार को त्वरित लाभ होने लगेगा। फिर तो राजस्व खुद ब खुद अधिक हो जाएगा। वित्त मंत्री को यह भी बताया गया कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में झारखंड में ही सबसे अधिक वैट है। झारखंड में 22% है या 12.5 0 रुपया प्रति लीटर, जो भी अधिक हो, वैट लिया जाता है। इसके अलावे ?1 प्रति लीटर सेस की भी वसूली की जाती है. जबकि बगल के बिहार में वैट की दर 16.37 प्रतिशत या 12.33 रुपए प्रति लीटर, जो अधिक हो, लिया जाता है. इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में 17. 8% या ?10.41 रुपया प्रति लीटर, जो अधिक हो लिया जाता है. पश्चिम बंगाल में 17% या 7.70 रुपए प्रति लीटर,जो अधिक हो, की दर से वैट की दर निर्धारित है। पड़ोसी राज्यों में विशेष कर डीजल सस्ता होने के कारण झारखंड के वाहन अथवा बड़े कारोबारी भी पड़ोसी राज्यों से ही डीजल मंगाने में विशेष रूचि रखते हैं। नतीजा होता है कि झारखंड में बिक्री कम हो जाती है और सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। इसके ठीक पलट अगर झारखंड में वैट की दर 17% कर दी जाए तो बिक्री इतनी अधिक बढ़ जाएगी कि सरकार को राजस्व में अधिक वृद्धि होगी। वित्त मंत्री को बुधवार को संगठन ने डाटा देकर, यह सब बताया। वित्त मंत्री ने भरोसा दिया है कि बहुत जल्द ही इस पर कोई सकारात्मक निर्णय ले लिया जाएगा.प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा राजहंस मिश्रा, नीरज भट्टाचार्य,मासूम परवेज और अनूप संथालिया शामिल थे।

# डीसी ने कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यू टाउन हॉल परिसर से उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस शैलेश रंजन द्वारा संयुक्त रूप से जेएसएलपीएस अंतर्गत ऊ्रॠ्रञ्चङ्क परियोजना जागरूकता हेतु 02 कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कौशल रथ का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (ऊ्रॠ्रञ्चङ्क ) कार्यक्रम की जागरूकता, पहचान और दृश्यता को बढ़ाना है ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के माध्यम से रोजगार से जुड़ सके। जेएसएलपीएस की दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) झारखंड के ग्रामीण युवाओं को उनकी रुचि और आकांक्षा के अनुसार वेतन-आधारित रोजगार प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्लेसमेंट लिंक प्रशिक्षण कार्यक्रम का कौशल इकाई है। धनबाद जिले के सभी 10 प्रखंडों में दिनांक 06 मार्च से 10 मार्च 2024 (05 दिवस तक) डीडीयू-जीकेवाई कौशल रथ के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार किया जायेगा सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) थीम के तहत कौशल रथ कार्यक्रम लाभार्थियों के पक्ष में जागरूकता में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## धनबाद फाउंडेशन ने कराया ब्रेस्ट कैंसर कार्यक्रम का आयोजन

**धनबाद(आजाद सिपाही)।** आयुष फाउंडेशन धनबाद ने गोविंदपुर स्थित नॉलेज रेसिंग जंक्शन इंस्टीट्यूट के सौजन्य से किताबी कोना में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । आनंद क्लिनिक की संचालिका वरिष्ठ स्त्री रोग चिकित्सक डॉक्टर मंजुला सिंह जी ने बच्चों को विस्तृत जानकारी दी । स्वेता किन्नर जी मुख्य अथिति थी, और सभी को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया । डॉक्टर मंजुला ने तस्वीरों के माध्यम से बच्चों को ब्रेस्ट कैंसर के कारण,बचाओ और इलाज के बारे में बताया। उन्होंने कहा अगर सही समय में बीमारी पकड़ में आ जाती है तो बिना ब्रेस्ट निकले इलाज संभव है । ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन का तरीका भी बताया जिससे हम खुद अपना एग्जामिनेशन कर सकें, डॉक्टर ऋषिका आनंद ने डिजिटल माध्यम से जागरूक किया। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने कहा हम महिलाएं अपनी बीमारी नजरंदाज कर देते है ।

# सर्वजन पेंशन योजना और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में सर्वजन पेंशन योजना ( 50 से 60 वर्ष ) के लाभुकों को प्रथम किशत भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पेंशन योजना में महिलाओं के लिए विशेष रूप से संशोधन करते हुए पेंशन योजना के लाभ के लिए सभी वर्ग की महिलाओं के लिए तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के पुरुषों के लिए आयु सीमा 50 वर्ष कर इन वर्गों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाई है। अब इस वर्ग के महिला और पुरुष 50 वर्ष की आयु में पेंशन के हकदार होगें। कार्यक्रम में पेंशन योजना के




नए लाभुकों को प्रथम किस्त की राशी हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने आज से प्रारंभ हो रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ की जानकारी दी और बताया कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के माध्यम गर्भवती महिलाओं को अच्छा पौष्टिक भोजन खाने और स्वस्थ रहने के संबंध में जागरूक किया जाता है। उन्होंने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से बच्चियों के पढ़ाई के लिए दिए जाने वाले स्कॉलरशिप योजना से बड़ी संख्या में लाभुकों को जोड़ा गया है। उन्होंने जिले के दूर दराज क्षेत्रो से आए सहायिका, सेविका एवं लाभुकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त ने 10 पेंशनधारियों को सम्मानित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री विधवा पुर्नविवाह योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत मैट्रिक, इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृत्तीय स्थान प्राप्त करनेवाली बालिकाओं को सम्मानित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपरोक्त के आलावा उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त का भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** न्यू टाउन हॉल में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड के तत्वावधान में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा ,बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच प्रथम किस्त का भुगतान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, माननीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष, 20सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकताओं का सम्मान समारोह और सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के लाभुकों को प्रथम किस्त का




भुगतान किया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार के द्वारा राज्य के 50 से 60 वर्ष के सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष वर्ग को सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन देने के निर्णय के आलोक में धनबाद जिला के 5446 लाभुकों को फरवरी एवं मार्च माह के 2000 रुपये राशि का भुगतान किया गया। साथ ही इस दौरान 30 सेविका एवं सहायिका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 3 किशोरी को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, गोदभराई , अन्नप्राशन के साथ आम जनता को जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, शानदार नृत्य प्रस्तुति , गायन और बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम जिला प्रशासन धनबाद के द्वारा की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पोषण पखवाड़ा 2024 के तहत झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने में जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत हस्ताक्षर करते हुए की। उपायुक्त श्री माधवी मिश्रा ने कहा कि धनबाद जिला के सभी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में दिनांक 20 फरवरी से 23 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन कर कुल 34164 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसमें जांचों प्रांत 13961 लाखों को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई। माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि 50 से 60 वर्ष के सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष वर्ग को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ पहुंचाने हेतु राज्य सरकार द्वारा सभी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में कैंप का आयोजन कर सभी के सहयोग से कार्य किया गया जिसके फल स्वरुप आज चिन्हित किए गए लाभ को को उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद समेत कई बीडीओ, सीओ, और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू, मेदिनीनगर

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या–04/2023-24/RDD/NREP/PALAMAU

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम–मेहदीनगर में नवीनगर मुख्य पथ से सुरजदेव सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | हुसैनाबाद | 19.696 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2023-24/ EE/RDD/NREP/PALAMU |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–21.03.2024 up to 5.00 PM बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:–22.03.2024 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–23.03.2024 पूर्वाहण 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम कार्यालय, मेदिनीनगर, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –7004461384
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम पलामू के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration (up to date) की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय, ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
मेदिनीनगर, पलामू

PR 321758 Rural Development (23-24)_D

## उपायुक्त का न्यायालय, कोडरमा

सरफेसी वाद संख्या 163/2022

प्रसंगः– Authorized Officer, Reliance Asset Reconstruction Company Limited -Versus - M/s Manish Enterprises & Ors.

ज्ञापांक 433/विधि

दिनांक 05/03/2024

**नोटिस**

1. मे० मनीष ईन्टरप्राईजेज, साकिन–रेलवे स्टेशन के पिछे, राँची–पटना, रोड, झुमरी तिलैया, जिला–कोडरमा।
2. श्री मंजीत कालरा, पिता–स्व० बालदेव कालरा, साकिन–रेलवे स्टेशन के पिछे, राँची–पटना, रोड, झुमरी तिलैया, जिला–कोडरमा।
3. श्री सन्नी कालरा, पिता–स्व० बालदेव कालरा, भराईज बिल्डिंग, राँची–पटना, रोड, झुमरी तिलैया, जिला–कोडरमा (कर्जदार एवं जमानतकर्त्ता)।

निदेशानुसार, बजरिये नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि प्रश्नगत् वाद में पूर्व में कार्यालय ज्ञापांक–918/वि० दि० 10.08.2023 एवं ज्ञापांक–1198/विधि दिनांक 07.10.2023 द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से वाद की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 27.10.2023 को उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु आपको पूर्व में सूचित किया गया था। ज्ञातव्य हो कि, प्रश्नगत् वाद में वाद की निर्धारित तिथि दिनांक 27.10.2023 को आप अनुपस्थित पाये गये।

विदित हो, कि प्रश्नगत् वाद में उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में दिनांक 27.10.2023 को सुनवाई के दौरान उपायुक्त महोदय द्वारा आपको अंतिम मौका देते हुए पुनः नोटिस निर्गत करने हेतु आदेश दिया गया है।

अतः आपको आदेश दिया जाता है, कि Authorized Officer, Reliance Asset Reconstruction Company Limited द्वारा आपके विरूद्ध धारा–14 सरफेसी एक्ट, 2002 के तहत् दायर आवेदन पत्र में वर्णित स्थल के सन्दर्भ में यदि कोई आपत्ति हो, तो वाद की अगामी निर्धारित तिथि दिनांक 22.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, कोडरमा के न्यायालय में संबंधित आवश्यक कागजात के साथ स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित् करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में यह समझा जायेगा की आपको इस वाद में कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा।

कृपया इसे सख्त ताकिद समझें।

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा, कोडरमा

PR 321736 District(23-24)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

**संशोधित निलामी सूचना**

पूर्व में प्रकाशित सूचना PR 321513(Police)23-24(D) में आवश्यक संशोधनोपरांत आप सभी को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला पुलिस विभाग से संबंधित रद्दीकृत कुल पैसठ(65) सरकार वाहनों में से चौसठ(64) वाहनों "जहाँ है, जैसे है एवं टैक्स जिस स्थिति में है" की सार्वजनिक निलामी दिनांक 14.03.2024 को पुलिस केन्द्र, हजारीबाग में प्रातः 10:30 बजे से की जानी है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | पंजीयन संख्या | प्रकार | मेक | मॉडल | फ्लोर प्राईस | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH02M-2749 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 2 | JH02M-2754 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 3 | JH02M-2748 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 4 | JH02M-2747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 5 | JH02M-2753 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 6 | JH02M-2712 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 7 | JH02M-2707 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 8 | JH02M-2755 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 9 | JH02M-2648 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 10 | JH02M-2652 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 11 | JH02M-2704 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 12 | JH02M-2650 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 13 | JH02M-2653 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 14 | JHO2M-2654 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 15 | JH02M-2705 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 16 | JH02M-2706 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 17 | JH02M-2649 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 18 | JH02M-2752 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 19 | JH02M-2756 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 20 | JH02M-2757 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 21 | JH02M-2758 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5100/- | |
| 22 | JH02P-5739 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 23 | JH02P-5744 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 24 | JH02P-5740 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 25 | JH02P-5746 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 26 | JH02P-5737 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 27 | JH02P-5741 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 28 | JH02P-5738 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 29 | JH02P-5747 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 30 | JH02P-5743 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2010 | 5200/- | |
| 31 | JH02M-2710 | MOTERCYCLE (TVS) | TVS | 2009 | 5200/- | |
| 32 | JH02A-5174 | BAJRA | - | 2001 | - | Not For Sell |
| 33 | JH02A-9178 | WATER TANK | TATA | 2002 | 59000/- | |
| 34 | JH02K-3315 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 53000/- | |
| 35 | JH02K-3318 | INVEDAR | MAHINDRA | 2008 | 56400/- | |
| 36 | JH02M-3050 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 56000/- | |
| 37 | JH02M-3051 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 38 | JH02M-3049 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 39 | JH02M-3045 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 40 | JH02M-3048 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 54000/- | |
| 41 | JH01N-7844 | JEEP | MAHINDRA | 2006 | 51000/- | |
| 42 | JH02V-2813 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 30000/- | |
| 43 | JH02V-2814 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 44 | JH02V-2810 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 45 | JH02V-2812 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 46 | JH02V-2815 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 47 | JH02V-2822 | THAR JEEP | MAHINDRA | 2012 | 51000/- | |
| 48 | JH02H-6529 | SAFARI | TATA | 2005 | 48000/- | |
| 49 | JH02K-3320 | TATA 407 | TATA | 2007 | 102000/- | |
| 50 | JH02M- 3386 | TATA 407 | TATA | 2009 | 102000/- | |
| 51 | JH02Q-5510 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 52 | JH02Q- 5499 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 53 | JH02Q- 5506 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 54 | JH02Q-5509 | TATA 407 | TATA | 2010 | 102000/- | |
| 55 | JH02V-2561 | TATA 407 | TATA | 2011 | 104000/- | |
| 56 | JH02V-2564 | TATA 407 | TATA | 2011 | 104000/- | |
| 57 | JH02H-6525 | SWRAJ MAZDA | TATA | 2004 | 111000/- | |
| 58 | JH02S-6870 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 59 | JH02S-6871 | TATA 407 | TATA | 2010 | 121000/- | |
| 60 | JH02V-2560 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 61 | JH02V-2562 | TATA 407 | TATA | 2011 | 121000/- | |
| 62 | JH02Y-8084 | SUMO VICTA | TATA | 2013 | 61000/- | |
| 63 | JH02X-3604 | MINI BUS | TATA | 2012 | 160000/- | |
| 64 | JH02M-3046 | INVEDAR | MAHINDRA | 2009 | 56500/- | |
| 65 | JH02K-3314 | MINI BUS | TATA | 2007 | 155000/- | |

निलामी में शामिल होने वाले इच्छुक व्यक्ति मोटरसाईकिल हेतु 10,000 रू0 एवं अन्य वाहन के लिए 20,000 रू0 अग्रिम के रूप में जमा करने के पश्चात् ही निलामी में भाग लेने के हकदार होगें। इच्छुक सभी व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर पुलिस केन्द्र परिसर हजारीबाग में उपस्थित होकर निलामी की कार्रवाई में सम्मिलित हो सकते है।

अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी समय किसी वाहन की निलामी या पूरी निलामी प्रक्रिया के स्थगित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

निलामी के क्रम में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा क्रय किये गये वाहनों के अनुरूप अग्रिम राशि को समायोजित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वैसे व्यक्ति जो निलामी के क्रम में वाहन क्रय नहीं करते है उनकी अग्रिम राशि निलामी के पश्चात् वापस कर दी जायेगी।

निलामी में क्रय किये गये वाहनों को संबंधित क्रेता को दो दिनों के अंदर शेष राशि का भुगतान कर सभी प्रकार के पुलिस से संबंधित चिन्हों को विलोपित कर ले जाना होगा। ऐसा नहीं करने पर संबंधित क्रेता की अग्रिम राशि जप्त कर ली जायेगी एवं अन्य इच्छुक क्रेता को नियमानुसार गाडी उपलब्ध करा दी जायेगी।

निलामी की पूरी किसी भी स्थिति में न्यायायिक परीधी के अन्तर्गत नहीं रहेगा।

निलामी की तिथि एवं समय में अपरिहार्य करणों से फेर बदल या निलामी प्रक्रिया स्थगित की जा सकती है, जिसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

निलामी में शामिल होने से पूर्व इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस पर परिचारी प्रवर, पु0के0 हजारीबाग से सम्पर्क स्थापित कर निलाम होने वाले वाहनों को देख सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग

PR 321687 Police(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 07 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# बीजू स्वास्थ्य कल्याण नवीन कार्ड का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

- मई से मिलेंगी चिकित्सा सुविधाएं

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को राज्य में बीएसकेवाइ नवीन कार्ड लॉन्च किया। नियमित सरकारी कर्मचारियों और आयकर दाताओं को छोड़कर गांव के सभी लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस कार्ड का वितरण बुधवार से शुरू हो गया है और लाभार्थियों को इसका लाभ मई से मिलेगा। यह योजना राज्य सरकार की 5टी पहल के तहत क्रियान्वित की जा रही है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा की 4.5 करोड़ जनता मेरा परिवार है। मैं सदैव आपके सुख-दुख में शामिल हूं और रहूंगा। तुम्हारी खुशी ही मेरी खुशी है। स्वस्थ समाज को समृद्ध राष्ट्र का आधार और इसका स्वास्थ्य से गहरा संबंध बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने हमेशा अपने परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए काम किया है और करता रहूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा सकेगा। राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी ने संबलपुर जिले के रेंगाली ब्लॉक में कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि बीएसकेवाई को 5टी में लागू किया जाना मुख्यमंत्री का एक ऐतिहासिक निर्णय है। आज इसमें ग्रामीण क्षेत्र के सभी वंचित लाभार्थी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को अत्यधिक महत्व देते हैं।

5टी एवं नवीन ओडिशा के अधक्ष श्री कार्तिक पांडियन ने कहा कि मुख्यमंत्री का लक्ष्य राज्य के प्रत्येक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है, इसी संदर्भ में अगले चरण में शहरी क्षेत्र के लगभग सभी लोगों को बीएसकेवाई में शामिल किया जाएगा. नबीन कार्ड. उन्होंने इस योजना को रिकॉर्ड समय में लागू करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त एवं सचिव शालिनी पंडित ने स्वागत भाषण दिया और बीएसकेवाई सोसायटी के सीईओ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल, संबलपुर वर्क्स ने सर्वोत्तम पर्यावरण और सुरक्षा मानकों को प्राप्त करने के लिए समाज और सीएसआर गतिविधियों के सहयोग से पर्यावरण की रक्षा की प्रतिबद्धता के साथ 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने लगभग 1000 व्यक्तियों की सभा को संबोधित किया और उत्कृष्टता को पूरा करने के लिए सुरक्षा मानकों में सुधार का रोडमैप दिखाया। उन्होंने इएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान केंद्रित किए विषय के साथ दुर्घटनाओं और घटनाओं को रोकने के लिए जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

उमेश राय मुख्य संचालन अधिकारी के साथ श्री स्वरूप जेना कारखानों और बॉयलरों के उप निदेशक, श्री उमाकांत सामंतराय कारखानों और बॉयलरों के सहायक निदेशक संबलपुर प्रभाग ओडिशा सरकार ने सभा को संबोधित किया।

इस मौके पर नागराजन जे सीएफओ, मनीष माथुर सीनियर वीपी (वित्त और लेखा), गिरीश बी नाइक सीनियर वीपी (वाणिज्यिक), राकेश ओझा वीपी(परियोजना), गोपाल साहा वीपी (कोक ओवन), एसएन सिंह, वीपी (पीआर ऐंड सीएसआर), विकास जैन वीपी (मिल्स), संजय कुमार वीपी (आयरन जोन) शामिल थे।

इस अवसर पर 29 विक्रेताओं ने अपने सुरक्षा उत्पादों को प्रदर्शित करके प्रदर्शनी में भाग लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मद्देनजर, सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को मुख्य अतिथि और वरिष्ठ नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एमके बेहेरा पूर्व तट रेलवे के नये अतिरिक्त महाप्रबंधक के रूप में शामिल हुए



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आइआरइएस) के अधिकारी महेश कुमार बेहेरा ने पूर्व तट रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला है। इससे पहले वह भुवनेश्वर में पूर्व तट रेलवे के मुख्य योजना और डिजाइन इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। श्री बेहेरा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बुर्ला, संबलपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और मरीन इंजीनियरिंग में आइआइटी मद्रास से स्नातक करने के बाद 1991 में भारतीय रेलवे में शामिल हुए। श्री बेहेरा ने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है जैसे पूर्व तट रेलवे के मुख्य ब्रिज इंजीनियर, मुख्य इंजीनियर (ब्रिज पुनर्वास); भुवनेश्वर में राइट्स के समूह महाप्रबंधक, पटना और मुंगेर में पूर्व मध्य रेलवे के तहत गंगा पुल के मुख्य अभियंता और संबलपुर में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), पूर्व तट मुख्यालय में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी और उतर सिमांत रेलवे के मुख्य अभियंता के रूप में कर्तव्यों के सुचारू संचालन के लिए उनकी बहुत सराहना की गयी है।

### विसेनेयर 2024 का उद्घाटन कल

THE TECHNO-MANAGEMENT FEST
WISSENAIRE
KNOWLEDGE RUNS FREE

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर अपने वार्षिक तकनीकी-प्रबंधन उत्सव, विसेनेयर 2024 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विसेनेयर ने सफलतापूर्वक 13 संस्करण पूरे कर लिये हैं। तीन दिवसीय असाधारण कार्यक्रम नवाचार, बुद्धि और मनोरंजन के मिश्रण का वादा करता है, जो देश भर से छात्रों, पेशेवरों और उत्साही लोगों को एक साथ लाता है। यह उत्सव 8 मार्च को शुरू होगा और समापन 10 मार्च को स्टार नाइट के साथ होगा। डीआरडीओ के सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम एंड साइंसेज के निदेशक डॉ जगन्नाथ नायक उत्सव का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान लोकप्रिय गायिका ध्वनि भानुशाली परफॉर्म करेंगी। उत्सव में अत्याधुनिक प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, रोबोटिक्स और ड्रोन प्रतियोगिताएं होंगी, जो तकनीकी उत्साही लोगों को अपनी कौशल और सरलता प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेंगी।

### रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित



संबलपुर (आजाद सिपाही)। सुधांशु शेखर राउत, ट्रैक मेंटेनर- IV/ मुनीगुड़ा और धर्मवीर, ट्रैक मेंटेनर/ संबलपुर सिटी इंजीनियरिंग विभाग और शशि सागर, पॉइंट्समैन-ए/बागबाहरा परिचालन विभाग को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तन्मय मुखोपाध्याय और वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक की उपस्थिति में उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**खोरधा रोड (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड, द्वारा नए अधिकारी क्लब, ट्रैफिक कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानना इसका उद्देश्य है। इस अवसर पर खोरधा रोड मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 26 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्षा गुरसिमरन कौर ने कहा कि महिलाएं समाज की वास्तविक निर्माता हैं। उन्होंने खोरधा रोड की सभी महिला कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत व निष्ठा के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान मधुलिका मंडल, उपाध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, प्रियंका नागवानी, सचिव, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, तथापूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मोदी ने किया देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन का उद्घाटन

हृदय नारायण सिंह



**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले बंगाल दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोलकाता में हुगली (गंगा) नदी के नीचे चलने वाली देश की बहुप्रतीक्षित पहली मेट्रो सेवा को राष्ट्र को समर्पित कर दिया। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है, जिसमें हुगली नदी के नीचे अप व डाउन लाइन के लिए दो सुरंगें (टनल) तैयार की गई है। पानी के नीचे बनी 520 मीटर लंबी इन सुरंगों में मेट्रो दौड़ेगी, जिसका अब लोग आनंद उठा सकेंगे। 4.8 किलोमीटर लंबी हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड भूमिगत मेट्रो खंड का यह हिस्सा है। इस दिन सुबह कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बंगाल की धरती से कोलकाता व हावड़ा सहित पुणे, कोच्चि, आगरा, आगरा और गाजियाबाद में 15,400 करोड़ रुपये की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हुगली नदी के नीचे चलने वाली मेट्रो सहित कोलकाता मेट्रो की तीन सेवाएं शामिल हैं, जिसका पीएम ने उद्घाटन किया। इस मौके पर बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे।

उद्घाटन के बाद पीएम ने पहली अंडरवाटर मेट्रो में सवार होकर एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक यात्रा भी की। इस दौरान उन्होंने मेट्रो में छात्रों के साथ संवाद भी किया। प्रधानमंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते हुए मेट्रो कर्मचारियों और इस परियोजना के निर्माण से जुड़े श्रमिकों व इंजीनियरों के साथ भी बातचीत की।

**तीन नये मार्ग पर मेट्रो सेवाओं का शुभारंभ :** कोलकाता में लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए पीएम ने जिन तीन नए मार्गों पर मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर सेवाओं का शुभारंभ किया उसमें कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान- एस्प्लेनेड खंड (ग्रीन लाइन), कवि सुभाष- हेमंत मुखोपाध्याय (न्यू गरिया से रुबी) खंड (आरेंज लाइन) और तारातल्ला- माझेरहाट मेट्रो खंड (जोका- एस्प्लेनेड लाइन का हिस्सा- पर्पल लाइन) शामिल है।

# एनटीपीसी बोंगाइगांव का डिजिटल साक्षरता अभियान

## बोडोलैंड में 10,000 से अधिक नागरिकों को सशक्त बनाने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी लिमिटेड, बोंगाईगांव और बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन सरकार ने बिजली संयंत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के एक हिस्से के रूप में क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और करियर विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण साझेदारी शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। सामाजिक विकास और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए 5 मार्च को दोनों संस्थाओं के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किये गये थे। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता एनटीपीसी बोंगाईगांव के बीटीआर के मुख्य कार्यकारी सदस्य प्रमोद बोरो ने आकाश दीप आईएएस मुख्य सचिव बीटीसी और करुणाकर दास कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी बोंगाईगांव की उपस्थिति में की। बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के प्रमुख 5 शैक्षणिक संस्थानों में बोडोलैंड डिजिटल साक्षरता और परामर्श केंद्र स्थापित करने की योजना को औपचारिक रूप देना। एनटीपीसी बोंगाईगांव के कार्यकारी निदेशक करुणाकर दास ने एक प्रगतिशील बीटीआर के लिए फलदायी साझेदारी प्रदान करने वाले सहयोगी प्रयासों का एक प्रमुख हिस्सा होने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

# अगले साल तक अपने कार्यबल में एक तिहाई महिलाओं को शामिल करेगी वेदांता एल्यूमिनियम

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** देश की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम भी महिला सशक्तिकरण के लिए एक मुहिम पर तेजी से आगे बढ़ रही है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025 की समाप्ति तक अपने सकल कार्यबल में महिलाओं का अनुपात एक तिहाई करने का लक्ष्य तय किया है। वेदांता एल्यूमिनियम का यह प्रयास उसकी इस प्रतिबद्धता का परिचायक है कि वह अपने संगठन में लैंगिक विविधता का विस्तार देना चाहती है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक खनन कार्यबल में महिलाओं की तादाद महज 15 प्रतिशत है। कुछ क्षेत्रों में तो और भी कम महिलाएं हैं। भारतीय धातु और खनन उद्योग में 2010 से 2015 के बीच महिलाओं की नुमाइंदगी मात्र सात प्रतिशत ही थी।

वेदांता एल्यूमिनियम एक ऐसी कंपनी है, जो इस विषय पर मार्ग प्रशस्त कर रही है। आज वेदांता एल्यूमिनियम के कुल कर्मचारियों में 22 प्रतिशत महिला पेशेवर हैं। इस उद्योग में यह आंकड़ा सबसे अधिक है। कंपनी साहस के साथ परंपरागत लैंगिक पक्षपात को चुनौती दे रही है। वेदांता एल्यूमिनियम ने अग्रगामी महिलाओं का एक काडर निर्मित किया है, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नये मानक स्थापित कर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर कंपनी ने 'दि फ्यूचर ऑफ मेटल' अभियान के तहत 'वुमेन ऑफ मेटल' शीर्षक से लघु फिल्मों की एक शृंखला प्रस्तुत की है। इसका लक्ष्य है ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को धातु और खनन उद्योग में कामयाब करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना। इन लघु फिल्मों में युवा महिला पेशेवरों को वेदांता एल्यूमिनियम में रात की पाली के दौरान महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हुए दिखाया गया है। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) में क्वालिटी एश्योरेंस प्रमुख अंजली पवार ने कहा कि अपने डेढ़ दशक लंबे अनुभव के दौरान मैंने स्वयं कंपनी की प्रक्रियाओं और मानकों को वैश्विक स्तर पर विकसित होते हुए देखा है। क्वालिटी एश्योरेंस केवल मानक कायम रखने तक नहीं है, बल्कि इसका संबंध उत्कृष्टता एवं ग्राहक संतुष्टि की संस्कृति को पोषित करने से भी है।

वेदांता एल्यूमिनियम में एक्सप्लोरेशन मैनेजर शिवानी शर्मा ने आइआइटी रुड़की से जियोफिजिक्स में डिग्री ली है। उन्हें मिनरल एक्सप्लोरेशन में 16 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह कहती हैं, मिनरल एक्सप्लोरेशन की दुनिया में आना मेरे लिए महज एक करियर चॉइस नहीं था, बल्कि यह व्यक्तिगत संतोष की ओर एक छलांग थी।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
Creating Path Towards Success
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

MSME | IAF | JAS-ANZ
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**